**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 170 लखनऊ, गुरूवार 01 फरवरी 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## संसद के बाहर मोदी का राम–राम, अंदर भी राम मंदिर का तीन बार हुआ जिक्र, क्या चुनाव के लिए बीजेपी ने सेट कर दिया एजेंडा ?

एजेंसी।

नई दिल्ली मोदी ने बुधवार को कहा कि देश प्रगति की नयी उंचाइयों को छू रहा है। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि लोगों के आशीर्वाद से 'सर्वसमावेशी एवं सर्वांगीण' विकास की उनकी सरकार की यात्रा आगे भी जारी रहेगी। पत्रकारों को संबोधित करते हुए मोदी ने उन्हें राम राम कहकर मुबारकबाद दी और कहा कि चुनाव से पहले पूर्ण बजट पेश नहीं करने की परंपरा रही है। आज से संसद का बजट सत्र शुरू हुआ। बजट सत्र शुरू होने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना वक्तव्य दिया। पत्रकारों से बातचीत करने के दौरान विपक्षी सांसदों को प्रधानमंत्री ने नसीहत भी दी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने अपनी बात को राम–राम कहते हुए खत्म



किया। शुरूआत भी उन्होंने ऐसे ही किया। यही कारण है कि मोदी के इस राम–राम को अब चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। वही अंदर में भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में तीर बार राम मंदिर का जिक्र किया। ऐसे में अब राजनीतिक विश्लेषक इस बात का दावा करने लगे हैं कि कहीं ना कहीं भाजपा 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर अपना एक एजेंडा सेट करने की कोशिश में लगी हुई है। राजनीतिक विश्लेषक इसे हिंदुत्व से जोड़कर देख रहे हैं। साथ ही साथ राम मंदिर मुद्दे को भाजपा की ओर से जीवंत रखने की कोशिश भी बता रहे हैं। मोदी ने बुधवार को कहा कि देश प्रगति की नयी उंचाइयों को छू रहा है। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि लोगों के आशीर्वाद से 'सर्वसमावेशी एवं सर्वांगीण' विकास की उनकी सरकार की यात्रा आगे भी जारी रहेगी। पत्रकारों को संबोधित करते हुए मोदी ने उन्हें राम राम कहकर मुबारकबाद दी और कहा कि चुनाव से पहले पूर्ण बजट पेश नहीं करने की परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि इस परंपरा का पालन करते हुए उनकी नयी सरकार बनने के बाद देशवासियों के समक्ष पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदतन 'हुड़दंग' करना जिनका स्वभाव बन गया है और जो लोकतांत्रिक मूल्यों का आदतन चीरहरण करते हैं, ऐसे सभी सांसदों को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। मोदी ने विपक्षी सांसदों पर संसदीय कार्यवाही को बार–बार बाधित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग हंगामा करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बिगाड़ने के आदी हैं, उन्हें आगामी चुनाव से पहले हो रहे इस अंतिम सत्र के दौरान आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।

राष्ट्रपति का संबोधन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की आकांक्षा सदियों से थी जो अब पूरी हुई है। उन्होंने बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राम मंदिर के निर्माण का उल्लेख किया। मुर्मू ने कहा, "राम मंदिर की आकांक्षा सदियों से थी, आज सच हुई है।" उनकी इस टिप्पणी पर सदस्यों ने मेजें थपथपाईं। अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह गत 22 जनवरी को संपन्न हुआ। राष्ट्रपति का कहना था, "सभ्यताओं के कालखंड में ऐसे पड़ाव आते हैं

## नई संसद में राष्ट्रपति मुर्मू का पहला संबोधन, राज्यसभा में तीन सांसदों का शपथ

एजेंसी।

नई दिल्ली अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण तथा लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने के प्रावधान वाला कानून पारित होने का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को घोषणा की कि सरकार परीक्षा में होने वाली गड़बड़ी को लेकर युवाओं की चिंताओं से अवगत है और इसे रोकने के लिए एक कानून बनाएगी। लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा बुधवार को संबोधित किया। इसके साथ ही संसद का बजट सत्र शुरू हो गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन के बाद उनके अभिभाषण की प्रति लोकसभा के पटल पर रखी गई और फिर सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। यह पहला मौका है जब नए संसद भवन में बजट सत्र का आयोजन होगा। गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट पेश करेंगी। इस साल



लोकसभा के चुनाव होने हैं। इसलिए अंतरिम बजट ही पेश किया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भविष्य में राष्ट्रपति के संबोधन के लिए दोनों सदनों की संयुक्त बैठक लोकसभा के कक्ष में आयोजित करने की अनुमति देने के लिए नियमों में रियायत की भी घोषणा की। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण तथा लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने के प्रावधान वाला कानून पारित होने का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को घोषणा की कि सरकार परीक्षा में होने वाली गड़बड़ी को लेकर युवाओं की चिंताओं से अवगत है और इसे रोकने के लिए एक कानून बनाएगी। उन्होंने नए संसद भवन में पहला संबोधन देते हुए कहा कि यहां 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की महक है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में गंभीर संकटों के बीच भारत सबसे तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था है और लगातार पिछली दो तिमाही में देश की विकास दर साढ़े प्रतिशत रही। द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को घोषणा की कि सरकार परीक्षा में होने वाली गड़बड़ी को लेकर युवाओं की चिंताओं से अवगत है और इसे रोकने के लिए एक कानून बनाएगी। मुर्मू ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की आकांक्षा सदियों से थी जो अब पूरी हुई है।

## झारखंड के मुख्यमंत्री पद से हेमंत सोरेन ने दिया इस्तीफा, चंपई सोरेन चुने गए विधायक दल के नेता

एजेंसी

नई दिल्ली उनका इस्तीफा ऐसे समय में हुआ है जब कथित जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय आज लगातार उनसे पूछताछ कर रही है। इन सब के बीच विधायक दल की बैठक में चंपई सोरेन को अपना नेता चुना गया है । कथित तौर पर जमीन घोटाला मामले में फंसे झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन ने



मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात कर अपना इस्तीफा सौप है। उनका इस्तीफा ऐसे समय में हुआ है जब कथित जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय आज लगातार उनसे पूछताछ कर रही है। इन सब के बीच विधायक दल की बैठक में चंपई सोरेन को अपना नेता चुना गया है । यानी कि झारखंड के अगले मुख्यमंत्री चंपई सोरेन हो सकते हैं विधायकों ने राज्यपाल से मुलाकात कर अपना दावा पेश किया है।

## नीतीश कुमार के यू-टर्न से बिहार में किसे हो रहा फायदा? सर्वे में हुआ चौकाने वाला खुलासा

एजेंसी।

नई दिल्ली हाल ही में एनडीटीवी प्रश्नम सर्वेक्षण मतदाताओं की प्राथमिकताओं में एक उल्लेखनीय बदलाव को रेखांकित करता है, जिसमें लगभग 4,000 उत्तरदाताओं में से 53: ने भाजपा–जेडीयू गठबंधन के लिए समर्थन का संकेत दिया है, जबकि 23: ने महागठबंधन के लिए समर्थन का संकेत दिया है, जिसमें राजद और कांग्रेस सबसे बड़े घटक हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्य में महागठबंधन छोड़ने और भाजपा के साथ गठबंधन करने के फैसले से उनके बार–बार पलटने को लेकर आलोचना की एक नई लहर छिड़ गई है, लेकिन उनके



इस कदम ने आगामी लोकसभा चुनावों में एनडीए की संभावनाओं को मजबूत किया है। सर्वेक्षण में इस बात का दावा किया गया है। हाल ही में एनडीटीवी प्रश्नम सर्वेक्षण मतदाताओं की प्राथमिकताओं में एक उल्लेखनीय बदलाव को रेखांकित करता है, जिसमें लगभग 4,000 उत्तरदाताओं में से 53: ने भाजपा–जेडीयू गठबंधन के लिए समर्थन का संकेत दिया है, जबकि 23: ने महागठबंधन के लिए समर्थन का संकेत दिया है, जिसमें राजद और कांग्रेस सबसे बड़े घटक हैं। जदयू के महागठबंधन में बने रहने की स्थिति में, 35: लोग महागठबंधन के पक्ष में होते, जबकि इतना ही प्रतिशत लोकसभा चुनाव में एनडीए के साथ जुड़ा रहता। कुमार के पैंतरे से न केवल आगामी लोकसभा चुनावों में बल्कि 2025 में होने वाले विधानसभा चुनावों में भी भाजपा को लाभ मिलने की उम्मीद है। लगभग 54: उत्तरदाताओं ने राज्य चुनावों के लिए भाजपा–जेडीयू गठबंधन का समर्थन किया, जबकि 27: का झुकाव राजद–कांग्रेस गठबंधन की ओर था। इसके विपरीत, 41: ने नीतीश कुमार की पार्टी के साथ गठबंधन का समर्थन किया होगा, जबकि 38: ने एनडीए उम्मीदवारों को वोट दिया होगा। कुमार के पलटवार के बाद एनडीए के 73: मतदाताओं ने भाजपा–जदयू गठबंधन के प्रति अपनी निष्ठा की पुष्टि की, जो भाजपा के मतदाता आधार के भीतर व्यापक स्वीकृति का संकेत देता है। अपने उतार–चढ़ाव वाले राजनीतिक रुख के बावजूद, कुमार को लगातार समर्थन मिल रहा है, विपक्षी गठबंधन के 36: और 46: मतदाताओं ने क्रमशः लोकसभा और विधानसभा चुनावों में उनका समर्थन करने की इच्छा व्यक्त की है। इसके अलावा, कुमार के स्विच के बाद 70: उत्तरदाताओं ने 2025 में भाजपा–जेडीयू गठबंधन के लिए समर्थन का संकेत दिया।

## डीजी कानून–व्यवस्था प्रशांत कुमार ने डीजीपी का ग्रहण किया कार्यभार

प्रशान्त कुमार वर्ष 1990 बैंच के आईपीएस अधिकारी तीन सौ से अधिक कर चुके हैं एनकाउंटर
डीजीपी विजय कुमार का कार्यकाल पूरा



संवाददाता।

लखनऊ । पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार द्वारा पुलिस महानिदेशक यूपी का पदभार ग्रहण किया गया । वर्ष 1861 में व्यवस्थापित पुलिस की गौरवशाली परम्परा में वर्ष 1952 में पुलिस कलर प्राप्त हुआ तथा विश्व के विशालतम पुलिस बल का नेतृत्व आईजीपी व डीजीपी रैंक के अधिकारियों द्वारा किया गया। उसी गौरवशाली परम्परा के ध्वज वाहक के रूप में प्रशान्त कुमार आईपीएस, डीजीपी यूपी बनाये गये हैं। चूंकि बुधवार को डीजीपी विजय कुमार का कार्यकाल पूरा हो गया।

बता दें कि 11 मई 2022 को स्थाई डीजीपी मुकुल गोयल को अचानक हटा दिया गया था। इसी के बाद से लगातार कार्यवाहक डीजीपी बनाया जा रहा है। मुकुल गोयल के बाद कार्यवाहक डीजीपी के रूप में डीएस चौहान की तैनाती की गई। वह 11 महीने इस पद पर रहे। डीएसएस चौहान 31 मार्च 2023 को सेवानिवृत्त हो गये तो भी यूपी को स्थाई डीजीपी नहीं मिल सके। जिसके चलते डीजी पुलिस भर्ती बोर्ड के आरके विश्वकर्मा को कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया। वह भी दो ही महीने इस पद पर रहे। यह भी 30 मई 2023 को रिटायर्ड हो गए तो कार्यवाहक डीजीपी के रूप में आईपीएस विजय कुमार की नियुक्ति की गई है। इनका भी कार्यक्रम 31 जनवरी को खत्म हो रहा है।यह भी डीजीपी पद पर कुल मिलाकर आठ महीने रहे। इस स्थाई व अस्थाई डीजीपी मिलेगा इसको लेकर चर्चा तेज रही लेकिन इस पर भी बुधवार को विराम लग गया। डीजीपी विजय कुमार के सेवानिवृत्ति होने के बाद नये कार्यवाहक डीजीपी के रूप से प्रशांत कुमार की तैनाती कर दी गई है। इनका कार्यकाल मई 2025 तक है। इसलिए यह कार्यवाहक डीजीपी के रूप में अभी तक सबसे आधिक समय तक यानी 16 महीने रहने वाले डीजीपी होंगे।

प्रशान्त कुमार वर्ष 1990 बैंच के आईपीएस अधिकारी हैं, जो मूलरूप से सीवान (बिहार) के रहने वाले है। प्रशान्त कुमार की शिक्षा–दीक्षा बिहार व दिल्ली विश्वविद्यालय में पूर्ण हुई। एप्लाईड जियोलॉजी विषय में एमएससी गोल्ड मेडलिस्ट होने के साथ ही साथ डिफेंस एण्ड स्ट्रेटजिक स्टडीज में एमफिल करने के उपरान्त डिजास्टर मैनेजमेन्ट में एमबीए की डिग्री भी प्राप्त की। प्रशान्त कुमार को यूपी पुलिस में सेवा करने का एक लम्बा अनुभव है। यूपी के बरेली व वाराणसी जनपदों से एएसपी के रूप में कार्यकाल शुरू करते हुये भदोही, सोनभद्र, जौनपुर, फैजाबाद, बाराबंकी, सहारनपुर जनपदों में पुलिस अधीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व सहारनपुर, फैजाबाद, मिजार्पुर, मेरठ जैसे मण्डलों में डीआईजी रेंज के पद पर कार्यरत रहे। पदोन्नत के उपरान्त आईजी के रूप में केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर सीआईएसएफ व आईटीबीपी जैसे केन्द्रीय बलों में सेवा प्रदान किये। वर्ष 2015 में एडीजी के पद पर पदोन्नत होने के उपरान्त एडीजी पीएसी, एडीजी सुरक्षा, एडीजी यातायात यूपी के पद पर सफलता पूर्वक कार्य करते हुये वर्ष 2017 में एडीजी मेरठ जोन के पद पर नियुक्त हुये। एडीजी मेरठ के पद पर रहते हुये कानून–व्यवस्था व अपराध नियन्त्रण के विभिन्न अवसरों पर सराहनीय योगदान दिये और यहीं से संगठित अपराध के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई की रणनीति तैयार कर पश्चिमी यूपी को अपराध मुक्त किये। सीएए, एनआरसी व श्रीराम जन्मभूमि निर्णय के दौरान कानून–व्यवस्था व शान्ति व्यवस्था को सुनिश्चित किये। वर्ष 2020 में यूपी के एडीजी कानून व्यवस्था के पद पर नियुक्त होने के उपरान्त पूरे प्रदेश में सरकार की प्राथमिकताओं के अनुसार अपराध नियन्त्रण, कानून–व्यवस्था, शान्ति–व्यवस्था सुनिश्चित करने में यूपी पुलिस को कुशल नेतृत्व प्रदान करते हुये कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। भारत सरकार की तरफ से कैलाश मानसरोवर यात्रा में भारत व चीन राष्ट्र के मध्य मुख्य समन्वयक के रूप में कार्य करते हुये हजारों तीर्थ यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाये।प्रशान्त कुमार को वीरतापूर्ण कार्यों के लिये चार बार गैलेन्ट्री मेडल से सम्मानित किये जाने के साथ–साथ सराहनीय सेवाओं के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक, दीर्घकालीन सेवाओं के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक, उत्कृष्ट सेवाओं के लिये मुख्यमंत्री का उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक, मुख्यमंत्री कुम्भ मेला पदक, पराकम पदक, गृहमंत्री, भारत सरकार का उत्कृष्ट सेवा पदक, डीजी सीआईएसएफ कमंडेशन डिस्क, डीजी आईटीबीपी कमंडेशन डिस्क सिल्वर, डीजी आईटीबीपी कमंडेशन डिस्क गोल्ड, डीजी यूपी कमंडेशन डिस्क सिल्वर, डीजी यूपी कमंडेशन डिस्क गोल्ड, डीजी यूपी कमंडेशन डिस्क प्लेटिनम से सम्मानित किया गया है। साथ ही नये डीजीपी की खास बात यह है कि यह तीन सौ से अधिक एनकाउंटर कर चुके हैं।

## चौबीस घंटे के अंदर पांच स्थानों पर लगी आग

### कबाड़ मंडी में चार गाड़ियां जलकर राख

संवाददाता।

लखनऊ । राजधानी में चौबीस घंटे के अंदर पांच अलग–अलग स्थानों पर आग लगने की घटना से हड़कंप मचा रहा है। फायर बिग्रेड की गाड़ियां रात से लेकर दिनभर दौड़ती नजर आयी। हालांकि आग लगने के दौरान कहीं कोई जनहानि नहीं हुई है, केवल कबाड़ मंडी में चार गाड़ियां जलकर राख हो गई। कबाड़ मंडी में आग ने चूंकि विकराल रूप धारण कर लिया था इसलिए बुझाने में दमकल कर्मियों को घंटों लग गया। मंगलवार की रात्रि 2रू13 बजे फायर स्टेशन बीकेटी क्षेत्र के अंतर्गत केशव नगर पुलिस चौकी के सामने



कबाड़ मंडी में खड़ी गाड़ियों में आग लगे होने की सूचना प्राप्त होते ही तत्काल फायर स्टेशन बीकेटी, चौक एवं इंदिरा नगर से एक–एक फायर टैंकर घटनास्थल के लिए प्रस्थान हुआ। घटना स्थल पर जाकर देखा गया तो वहां खड़ी चार गाड़ियों में लगी हुई थी तत्काल दो फायर टैंकरों से पंपिंग करके आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया । हालांकि चारों गाड़ियां जलकर राख हो गई । मौके पर अग्निशमन अधिकारी इंदिरा नगर एवं प्रभारी अग्निशमन अधिकारी बीकेटी भी मौजूद थे कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि आग के विकराल रूप को देखते हुए अफरातफरी का माहौल रहा। इस प्रकार से अमीनाबाद अंतर्गत एक घर के अंदर रखे सामान में, आशियाना में औरंगाबाद जागीर स्थित एक जियो के टावर में, हजरतगंज के महानगर क्षेत्र में पेपर मिल कालोनी स्थित एक खाली प्लाट में और आशियाना में एक ब्यूटी पार्लर में आग लग गई। इन स्थानों पर दमकल की गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।

इस प्रकार से कहीं पर कोई जनहानि नहीं हुई है। आग के फैलने से पहले दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझा दिया।

## मैत्री महोत्सव-2023 के आयोजन से 1000 कलाकारों को मिलेगा रोजगार-जयवीर सिंह

भारत–नेपाल मैत्री महोत्सव–2023 का आयोजन भारत नेपाल सीमावर्ती जनपदों में 01 से 21 फरवरी तक

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भारत–नेपाल मैत्री महोत्सव–2023 के आयोजन का निर्णय लिया गया है। यह महोत्सव प्रदेश के भारत–नेपाल सीमावर्ती जनपदों में आयोजित किया जायेगा। इस महोत्सव से लगभग 1000 कलाकारों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इसके आयोजन के लिए संस्कृति विभाग द्वारा 01 करोड़ 59 लाख 96 हजार रूपये की धनराशि स्वीकृति की गयी है।यह जानकारी आज यहाॅ प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती 08 जनपदों में महोत्सव के भव्य आयोजन हेतु संस्कृति विभाग उ0प्र0 की ओर से तिथियाॅ निर्धारित कर दी गयी हैं। जिला प्रशासन एवं सहयोगी संस्थाओं से विचार विमर्श के बाद कार्यक्रम की तिथियों में परिवर्तन की अनुमति दी जा सकती है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 01 से 03 फरवरी तक सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, सिद्धार्थनगर में महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 05–06 फरवरी, 2024 को जवाहर लाल नेहरू पीजी कालेज महराजगंज, 08 फरवरी को बुद्ध पीजी महाविद्यालय कुशीनगर तथा 10–11 फरवरी को राजकीय एमएलके महाविद्यालय बलरामपुर में महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि 13 फरवरी को सत्यनारायण उच्चशिक्षण संस्थान, तुलसीपुर श्रावस्ती, 15–16 फरवरी लार्डबुद्धा इण्टर कालेज, बहराइच, 18 फरवरी को राजकीय एकलव्य आश्रम पद्धति इण्टर कालेज, लखीमपुरखीरी तथा 20–21 फरवरी को राजकीय एलबीएस महाविद्यालय बेनहर इण्टर कालेज गाॅधी स्टेडियम प्रेक्षागृह पीलीभीत में महोत्सव का आयोजन किया जायेगा।

## भाजपा धांधली से चुनाव जीतती है- अखिलेश यादव

संवाददाता।

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा धांधली से चुनाव जीतती है। अभी ताजा उदाहरण चण्डीगढ़ का है, जहां अधिकारी ने कैमरे के सामने बेईमानी कर विपक्ष का वोट रद्द करके भाजपा को जिताया। अगर इस स्तर की बेईमानी होगी तो लोकतंत्र कहां बचा है? इससे पहले उत्तर प्रदेश में भाजपा ने सभी चुनावों में बेईमानी की है। 2022 का विधानसभा चुनाव उत्तर प्रदेश की जनता ने समाजवादियों को जितया था, लेकिन बेईमानी करके भाजपा ने परिणाम अपने पक्ष में कर लिया।



अखिलेश यादव ने आज मैनपुरी में मीडिया से वार्ता में कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव लोकतंत्र बचाने का है। बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर द्वारा बनाये गये संविधान को बचाने का चुनाव है। आने वाली पीढ़ी के भविष्य को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता के लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकार छीन रही है। समाजवादी पार्टी पीडीए को एकजुट कर रही है। लोकसभा चुनाव में पीडीए ही भाजपा के एनडीए को हरायेगा। कहा कि समाजवादी पार्टी ने भाजपा को हराने के लिए मजबूत प्रत्याशी उतारने का निर्णय लिया है। समाजवादी पार्टी की कोशिश है कि इंडिया गठबंधन मजबूत हो। गठबंधन का जो दल भाजपा को जिस सीट पर हरायेगा। वही लडेघ्गा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का परिवार सबसे खतरनाक है। वह परिवार समाज में नफरत फैला रहा है। संस्कृति को नष्ट कर रहा है। हमारे देश की संस्कृति मेल–मिलाप की रही है। भाई–चारे का समाज रहा है। लेकिन भाजपा का परिवार उस समाज को बांटने का काम कर रहा है।

# पी0सी0एस0 अधिकारी प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री से प्रान्तीय सिविल सेवा कार्यकारी शाखा के वर्ष 2021 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की



संवाददाता।

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आज यहां उनके सरकारी आवास पर प्रान्तीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के वर्ष 2021 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पी0सी0एस0 अधिकारी प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ हैं। कानून–व्यवस्था और विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में इन अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ जनता तक पहुंचे इसके लिए जरूरी है कि प्रशासनिक अधिकारीगण तमाम विषयों और मुद्दों से भली–भांति परिचित हों। उन्हें अपने दायित्वों का भली प्रकार निर्वहन करने के लिए परिश्रमी और तेजी से फैसले लेने में भी सक्षम होना चाहिए। साथ ही, मामलों का निस्तारण पारदर्शी तथा समयबद्ध ढंग से किया जाना चाहिए। अधिकारियों को व्यवस्था के प्रति जवाबदेह होने के साथ ही, गरीब, कमजोर तथा वंचित वर्ग के हितों के प्रति सचेत व संवेदनशील होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी अधिकारीगण उस महत्वपूर्ण कड़ी का हिस्सा बनने जा रहे हैं, जहां आम जनमानस की समस्याओं को बहुत नजदीक से सुनने का अवसर मिलेगा। एक कॉमन मैन की पीड़ा को सुनने का अवसर प्राप्त होगा। व्यक्ति तभी फेल होता है, जब वह छोटी–छोटी बातों को नजरअंदाज करता है। आपके लिए छोटी सी चीज दूसरे के लिए बड़ी भी हो सकती है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि खेत की पैमाइश आपके लिए छोटी हो सकती है, लेकिन जिसका परिवार उस खेत पर आश्रित है, यदि कोई दबंग व्यक्ति उस गरीब व्यक्ति के खेत पर जबरदस्ती कब्जा करना चाहता है वह उस पीड़ित व्यक्ति के लिए बहुत बड़ी घटना होती है। उस स्थिति में खेत की पैमाइश की उसकी मांग उसे तत्काल राहत और न्याय दिला सकती है। राजस्व से जुड़े मामलों को लम्बित न रखा जाए, इससे कॉमन मैन प्रभावित होता है। ऐसे मामलों के लम्बित रहने की दशा में तमाम दावेदार आ जाते हैं, जिससे अन्ततः विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संवाद लोकतंत्र की ताकत है। हमें इस ताकत का इस्तेमाल करना होगा। आपकी सबसे बड़ी ताकत ह्यूमन इण्टेलीजेंस है। आपका व्यावहारिक पक्ष अच्छा है, तो जनता की समस्याएं नहीं अटकेंगी और जनप्रतिनिधियों के साथ भी आपका बेहतर संवाद होगा। समस्याओं से जुड़े स्थलों जैसे–प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, थाना इत्यादि से संवाद स्थापित कर मेरिट के आधार पर शिकायतों व समस्याओं का निस्तारण करें। समस्याओं के निस्तारण के प्रति आप सभी को आग्रही बनना होगा। अधिकारी जनता से संवाद बनाकर उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल, सी0एम0 हेल्पलाइन, तहसील दिवस तथा थाना दिवस की व्यवस्था को और प्रभावी बनाया गया है। शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही समस्या के निस्तारण का अन्तिम मापदण्ड है। जनता से प्राप्त शिकायतों में 90 प्रतिशत शिकायतें थाना और तहसील से सम्बन्धित होती हैं। अपने कार्य क्षेत्र में प्रत्येक कार्य दिवस में जनसुनवाई करें। तहसील दिवस और थाना दिवस पर टीम बनाकर समय–सीमा तय करते हुए कार्यवाही को आगे बढ़ाएं। जो न्याय संगत हो, उसी पर कार्य किया जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सभी अधिकारीगण उत्तर प्रदेश की जनता की भावनाओं के अनुरूप एक बेहतर और संवेदनशील प्रशासन देने में सफल होंगे।

# उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास लि0 की कुल 323 शाखाओं, 18 क्षेत्रीय कार्यालय एवं मुख्यालय सहित कुल 342 इकाईयों को कम्प्यूटरीकृत किया जायेगा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री जे0पी0एस0 राठौर ने आज अपने विधानसभा स्थित कार्यालय में पैक्स में कम्प्यूटरीकरण कार्य की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 7500 पैक्स इकाइयों में कम्प्यूटरीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिनमें 3000 से अधिक पैक्स में कम्प्यूटरीकरण का कार्य अंतिम चरण में है। शेष 4500 पैक्स में भी कम्प्यूटरीकरण का कार्य शीर्ष प्राथमिकता पर किया जायेगा। मुख्यमंत्री का भी इस पर विशेष फोकस है। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटरीकरण का कार्य पूरा हो जाने से पैक्स इकाईयों की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता आयेगी और किसानों को ऋण आदि लेने में सरलता होगी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में सफलता प्राप्त होगी। साथ ही संबंधितों की जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। इस कम्प्यूटरीकरण योजना के तहत उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास लि0 की कुल 323 शाखाओं, 18 क्षेत्रीय कार्यालय एवं मुख्यालय सहित कुल 342 इकाईयों को कम्प्यूटरीकृत किया जायेगा। योजना की कुल लागत का 75 प्रतिशत राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा 40:60 के अनुपात में वहन किया जायेगा एवं शेष 25 प्रतिशत बैंक द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता मंत्रालय ''सहकार से समृद्धि'' के विजन को साकार करने और करोड़ों किसानों को समृद्ध बनाने के प्रति कटिबद्ध है। इस दिशा में प्रदेश के कृषि और ग्रामीण विकास बैकों और सहकारी समितियों के पंजीयक कार्यालयों का कम्प्यूटरीकरण सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उठाए गए कई महत्वपूर्ण कदमों से एक है। सहकारिता मंत्री ने बताया कि कल नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा 225 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से कृषि और ग्राम विकास बैकों और सहकारी समितियों के पंजीयक कार्यालयों का कम्प्यूटरीकरण परियोजना का शुभारम्भ किया गया। यह कार्यक्रम सहकारिता मंत्रालय द्वारा, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के सहयोग से आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार एलडीबी में भी कम्प्यूटरीकरण कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है और शीघ्र ही कम्प्यूटरीकरण का कार्य पूरा करा लिया जायेगा। इससे बैकों की कार्य क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी और किसानों एवं अन्य व्यवसायियों को सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कम्प्यूटरीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए, जिससे किसानों को लाभान्वित किया जा सके। इस अवसर पर एमडी यूपीसीबी आर0के0 कुलश्रेष्ठ, एमडी एलडीबी शशिरंजन कुमार राव एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अश्विनी वैष्णव ने कहा, कस्टम कर्तव्यों का यह युक्तिकरण उद्योग और सीमा शुल्क प्रक्रियाओं में बहुत आवश्यक निश्चितता और स्पष्टता लाता है। मैं मोबाइल फोन विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में इस कदम के लिए माननीय प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री को धन्यवाद देता हूं।

## मोबाइल फोन के निर्माण में उपयोग के लिए वस्तुओं पर लागू अवशिष्ट श्रेणी/अन्य पर लगने वाले सीमा शुल्क को 15: से घटाकर 10: कर दिया गया है।

मोबाइल फोन के निर्माण में उपयोग की जाने वाली कई वस्तुएं जिन्हें पहले ष्अन्यष माना जाता था और 15: शुल्क लिया जाता था, अब 10: शुल्क लिया जाएगा।
इन अधिसूचनाओं में विशेष रूप से सूचीबद्ध वस्तुओं के निर्माण में उपयोग के लिए इनपुट या भागों पर सीमा शुल्क को घटाकर शून्य कर दिया गया है



नई दिल्ली, केंद्र सरकार ने एक अधिसूचना के जरिए कस्टम ड्यूटी में 3 श्रेणियों में बदलाव किए हैं। मोबाइल फोन के निर्माण में उपयोग के लिए वस्तुओं पर लागू अवशिष्ट श्रेणीध्अन्य पर लगने वाले सीमा शुल्क को 15: से घटाकर 10: कर दिया गया है। मोबाइल फोन के निर्माण में उपयोग की जाने वाली कई वस्तुएं जिन्हें पहले ष्अन्यष माना जाता था और 15: शुल्क लिया जाता था, अब 10: शुल्क लिया जाएगा। उदाहरणरू बैटरी कवर, फ्रंट कवर, मिडिल कवर, मेन लेंस, बैक कवर, जीएसएम एंटीना, पीयू केस, सीलिंग गैस्केट, सिम सॉकेट, स्क्रू, प्लास्टिक और धातु के अन्य यांत्रिक आइटम। किए गए परिवर्तन इन अधिसूचनाओं द्वारा किए गए परिवर्तन 3 श्रेणियों में आते हैं मोबाइल फोन के निर्माण में उपयोग के लिए वस्तुओं पर लागू अवशिष्ट श्रेणीध्अन्य पर लगने वाले सीमा शुल्क को 15: से घटाकर 10: कर दिया गया है। मोबाइल फोन के निर्माण में उपयोग की जाने वाली कई वस्तुएं जिन्हें पहले ष्अन्यष माना जाता था और 15: शुल्क लिया जाता था, अब 10: शुल्क लिया जाएगा। उदाहरणरू
बैटरी कवर सामने का कवर मध्य आवरण मुख्य लेंस पीछे का कवर जीएसएम एंटीना पीयू मामला सीलिंग गैसकेट सिम सॉकेट पेंच प्लास्टिक और धातु की अन्य यांत्रिक वस्तुएँ इन अधिसूचनाओं में विशेष रूप से सूचीबद्ध वस्तुओं के निर्माण में उपयोग के लिए इनपुट या भागों पर सीमा शुल्क घटाकर शून्य कर दिया गया है। मोबाइल उद्योग ने उद्योग के लिए सीमा शुल्क कम करने के सरकार के कदम का जबरदस्त स्वागत किया है। यह संशोधन निर्यात–आधारित विकास, नीतिगत स्थिरता सुनिश्चित करने और विनिर्माण में प्रतिस्पर्धात्मकता को संबोधित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव है, जो भारत में मोबाइल फोन विनिर्माण उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है। आईसीईए के अध्यक्ष, पंकज मोहिन्द्रू ने कहा, ष्यह भारत में मोबाइल विनिर्माण को प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण और स्वागत योग्य नीतिगत हस्तक्षेप है। बिल्डिंग स्केल, कम इनपुट टैरिफ पर सवारी भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए एक वैश्विक केंद्र में बदलने के लिए महत्वपूर्ण है और निर्यात। मोबाइल फोन उद्योग प्रधान मंत्री कार्यालय, डवथ् और डमपजल के प्रति अपनी हार्दिक सराहना व्यक्त करना चाहता है। मोबाइल फोन और मैकेनिक्स और डाई–कट पार्ट्स के हिस्सों पर बीसीडी का समायोजन 10: और मैकेनिक्स के इनपुट पर 0: निर्यात–आधारित विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता की दिशा में सरकार की नीति अभिविन्यास में एक आदर्श बदलाव की शुरुआत का प्रतिनिधित्व करता है। श्री मोहिन्द्रू ने टिप्पणी की

## गो–संरक्षण केन्द्रो के निर्माण हेतु 05 करोड़ 60 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में 07 नवीन गो–संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्राविधानित धनराशि में से प्रथम किश्त के रूप में 560.00 लाख रूपये (रूपये पांच करोड़ साठ लाख मात्र) की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। प्रत्येक गो–संरक्षण केन्द्र हेतु 80.00 लाख रूपये की धनराशि का प्रविधान किया गया है। गो–संरक्षण केन्द्र जनपद बुलन्दशहर के सिकन्दराबाद महाराजगंज के फरेन्दा, जालौन के ग्राम गघेला, तह0 जालौन, कन्नौज के ग्राम तालग्राम देहात, तह0 छिबरामऊ, गोरखपुर के ग्राम चौरी, तह0 चौरीचौरा फर्रूखाबाद ग्राम अछरौड़ा, तह0 सदर तथा फर्रुखाबाद ग्राम पचरौली महादेवपुर, तह0 कायमगंज में किया जायेगा। इस सम्बन्ध में पशुधन विकास विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है।

# मोटोरोला ने नवीनतम स्मार्टफोन मोटो जी24 पावर को एंड्रायड 14 के साथ उतारा

लखनऊ। मोटोरोला ने आज जी सीरीज फ्रेंचाइजी में अपने नवीनतम एंट्री–लेवल स्मार्टफोन मोटो जी24 पावर को लॉन्च किया। यह अपने सेगमेंट का एक अग्रणी किफायती स्मार्टफोन है जिसमें प्रीमियम डिजाइन, एक विशाल 6000एमएएच बैटरी और टर्बो पॉवर 33 वॉट चार्जर दिया गया है। यह डिवाइस एक असाधारण और स्थायी स्मार्टफोन अनुभव सुनिश्चित करता है, जो इसे जी सीरीज फ्रैंचाइज के लिए एक एक उत्कृष्ट योगदान बनाता है। मोटो जी24 पावर का लुक बेहद खूबसूरत है, इसमें 3डी ऐक्रेलिक ग्लास (पीएमएमए) फिनिश है, साथ ही यह 6000 एमएएच बैटरी के साथ सेगमेंट में सबसे पतले और सबसे हल्का डिवाइसों में से एक है। यह नवीनतम एंड्रायड 14 के साथ आता है और एक उन्नत 50 एमपी क्वाड पिक्सेल कैमरा सिस्टम को प्रदर्शित करता है, साथ ही इसमें सेगमेंट का अग्रणी 16एमपी सेल्फी कैमरा भी दिया गया है जो विभिन्न प्रकार की प्रकाश परिस्थितियों में असाधारण फोटो को कैप्चर करता है। मोटो जी24 पावर का प्रीमियम डिजाइन, जिसमें स्लीमलाइन्ड कैमरा हाउसिंग शामिल है, डिवाइस के समग्र सौंदर्य को बढ़ाता है और उपयोगकर्ताओं को एक दृश्यतात्मक भव्य स्मार्टफोन प्रदान करता है जो पकड़ने में सुविधाजनक है। इसका पतला लेकिन मजबूत डिजाइन साइड–माउंटेड फिंगरप्रिंट रीडर के साथ आता है, जो आसान और सुरक्षित डिवाइस अनलॉकिंग को सक्षम बनाता है। केवल 8.99 मिमी मोटाई और 197 ग्राम वजन वाला यह पतला स्मार्टफोन वॉटर रेपेलेंट डिजाइन और आईपी 52 रेटिंग के साथ आता है, और दो आश्चर्यजनक और सुरुचिपूर्ण रंगों– इंक ब्लू और ग्लेशियर ब्लू में उपलब्ध है। मोटो जी24 पावर एक विशाल 6000 एमएएच की बैटरी के साथ उपयोगकर्ताओं को अपने पसंदीदा कंटेंट का आनंद लेने, गेम खेलने और लंबी अवधि तक वीडियो कॉल करने में सक्षम बनाता है। टर्बो पॉवर 33 वॉट चार्जर की मदद से, डिवाइस जल्दी से चार्ज हो जाता है और उपयोगकर्ताओं को दीर्घकालिक मनोरंजन अनुभव प्रदान करता है, जो एक बार चार्ज करने पर लगभग पूरे हफ्ते तक चलता है। इसके अलावा, मोटो जी24 पावर नवीनतम एंड्रायड 14 के साथ आता है, जिसमें 3 साल की सुनिश्चित सुरक्षा अपडेट्स शामिल हैं। यह फ्लैश नोटिफिकेशन जैसे विभिन्न स्टैंड–आउट अनुभवों के साथ आता है, जो इनकमिंग कॉल के लिए फ्लैश और स्क्रीन लाइट चालू करके उपयोगकर्ताओं को सचेत करता है, ताकि वे किसी भी नोटिफिकेशन से न चूकें। हेल्थ कनेक्ट सुविधा उपयोगकर्ताओं को प्राइवेसी कण्ट्रोल के साथ अपने स्वास्थ्य डेटा को एक ही स्थान पर प्रबंधित करने में सक्षम बनाता है। उल्लेखनीय विशेषताओं में सुधारित मैग्निफिकेशन, डेटा साझा करने की अपडेट्स, और बढ़ाई गई पिन सुरक्षा भी शामिल हैं। मोटो जी24 पावर एक उन्नत 50एमपी क्वाड पिक्सेल कैमरा सिस्टम को सपोर्ट करता है। इस क्वाड पिक्सेल तकनीक के साथ, उपयोगकर्ताओं को दिन या रात में अधिक स्पष्ट, अधिक जीवंत तस्वीरों के लिए 4 गुना बेहतर, लो लाइट सेंस्टिविटी मिलती है। साथ ही, समर्पित मैक्रो विजन कैमरा उपयोगकर्ताओं को उनके सब्जेक्ट के 4 सेमी नजदीक तक ले लाता है, ताकि वे एक स्टैण्डर्ड लेंस के साथ छोटी डिटेल्स को कैप्चर कर सकें। सामने की तरफ, स्मार्टफोन में सेगमेंट का अग्रणी 16एमपी कैमरा है, जो तुरंत ही शानदार सेल्फी खींच सकता है। इसके अलावा, कैमरा सिस्टम में ऑटो नाइट विजन, एचडीआर और पोर्ट्रेट मोड जैसे विभिन्न सुविधा और सॉफ्टवेयर भी शामिल हैं ।

## निर्माण कार्यों में गुणवत्ता व मानकों का रखा जाय विशेष रूप से ध्यान - केशव प्रसाद मौर्य

### पीएमजीएसवाई के तहत 5500 किमी सड़कों का एफ डी आर तकनीक से किया जा रहा है निर्माण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उ०प्र० ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चरणबद्ध एवं समयबद्ध लक्ष्य की प्राप्ति एवं उच्च गुणवत्ता की ग्रामीण सड़कों को बनाये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाये तथा भविष्य में एफ०डी०आर० तकनीक को प्राथमिकता देते हुये नये मार्गों का निर्माण प्रस्तावित किया जाये तथा एफडीआर तकनीक को बढ़ावा दिया जाए। इस हेतु कान्ट्रेक्टर्स के साथ मीटिंग करते हुये अच्छा संवाद बनाए रखा जाए तथा निर्माण कार्य में गुणवत्ता व मानकों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उप मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में उ०प्र० ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण द्वारा सड़क निर्माण की गति बढ़ाने के लिये निरन्तर न्यूनतम 05 एफ०डी०आर० कॉन्ट्रैक्टर्स की समीक्षा बैठक प्रत्येक दिन की जा रही है, जो,एफ०डी०आर० कार्य समाप्ति तक ध् न्यूनतम 3–4 महीने चलती रहेगी। उप मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में सुखलाल भारती, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ०प्र० ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण द्वारा उ०प्र० ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के राज्य गुणवत्ता समन्वयक एवं यंग सिविल इंजीनियर्स के साथ मंगलवार को जनपद लखीमपुर खीरी के पैकेज सं० यूपी–44139, मार्ग–एल०बी०बी० (एस०एच–90) किमी0–25 बिजुआ–अलीगंज, ब्लाक–बिजुआ एवं पैकेज सं० यूपी–44154, मार्ग–एन०पी०डी०पी० किमी0–34 (आर०एस०) से टापरपुरवा मार्ग, ब्लाक पलिया का निरीक्षण किया गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा पैकेज सं० यूपी–44139, मार्ग–एल०बी०बी० (एस०एच–90) किमी0–25 बिजुआ–अलीगंज, ब्लाक–बिजुआ का कार्य पूर्ण एवं संतोषजनक पाया गया। पैकेज सं० यूपी–44154, मार्ग–एन०पी०डी०पी० किमी0–34 (आर०एस०) से टापरपुरवा मार्ग, ब्लाक पलिया का कार्य जी–3 लेवल प्रगति पर पाया गया, जिसमें आवश्यक सुधार हेतु निर्देश निर्गत किये गये। मुख्य अभियंता राज्य ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण श्री राज कुमार चौधरी ने बताया कि वर्तमान में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के स्वीकृत मार्ग 18495 किमी0 के सापेक्ष 13500 किमी0 का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसमें 1500 किमी0 एफ०डी०आर० ग्रामीण मार्गों का निर्माण किया गया है तथा लगभग 4000 किमी० एफ०डी०आर० मार्गों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

## प्रदेश में निर्माणाधीन सेतुओं की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार कमी नहीं होनी चाहिए - जितिन प्रसाद,

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि प्रदेश में निर्माणाधीन सेतुओं की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार कमी नहीं होनी चाहिए। पुलों का निर्माण शुरू होने से लेकर पूरा होने तक प्रत्येक चरणों में क्वालिटी टेस्ट सुनिश्चित किया जाये। ख्याति प्राप्त शैक्षणिक संस्थाओं से सेतुओं का थर्ड पार्टी आडिट भी कराया जाये और क्वालिटी चेक के लिए मानक भी तय किये जायें। प्रत्येक जिले एवं मण्डल स्तर पर टेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने गुणवत्ता की जांच हेतु एसओपी (स्टैण्डर्ड आपरेटिंग प्रोसिजर) बनाने और सभी यूनिटों की रैडम चेकिंग कराने के भी निर्देश अधिकरियों को दिये।

यह निर्देश आज उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लिमिटेड में निर्माणाधीन सेतु परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि आगरा अंचल में 30, अयोध्या अंचल में 35, आजमगढ़ अंचल में 10, बरेली अंचल में 26, गाजियाबाद अंचल में 53, गोरखपुर अंचल में 18, कानपुर अंचल में 32, लखनऊ अंचल में 28, प्रयागराज अंचल में 33 तथा वाराणसी अंचल में 52 कुल 292 सेतु परियोजनाएं निर्माणाधीन है। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन सभी सेतुओं को तयसमय सीमा के अन्दर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूरा किया जाये। परियोजना में विलम्ब होने पर रिवाईज स्टीमेट भेजने वाले अभियंताओं की जवाबदेही तय की जायेगी और उचित कारण न होने उनके विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई होगी। साथ ही सेतुओं के निर्माण में विलम्ब कार्य कराने वाले कांट्रेक्टर को डिबार भी किया जायेगा।

लोक निर्माण मंत्री ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि 90 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण के पश्चात ही नई परियोजना को शुरू किया जाये। क्योंकि परियोजना शुरू होने के बाद भूमि अधिग्रहण में विलम्ब होने से सेतुओं की कास्ट अनावश्यक रूप से बढ़ जाती है और सरकार को आर्थिक छति भी होती है। आगे से ऐसी स्थित बिलकुल नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता एवं पारदर्शिता की दृष्टि से सेतुओं के निर्माण हेतु टेण्डर में प्रहरी की तरह प्रक्रिया अपनाई जाये। टेण्डर के लिए सेतु निगम के महाप्रबंधक की अध्यक्षता में कमेटी बनाई जाये और इसमें चीफ इंजीनियर सेतु को भी सदस्य की रूप में नामित किया जाये। उन्होंने कहा कि विभाग में जितनी जांचे लम्बित हैं, उसका तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। अंडर कॉस्ट्रक्शन ब्रिजों में रूट का डाइवर्जन सुव्यवस्थित ढंग से होना चाहिए, ताकि आमनागरिकों को आवागमन में कठिनाई न हो। लोक निर्माण राज्यमंत्री, बृजेश सिंह ने सभी अभियंताओं को आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि समय–समय पर उनके द्वारा भी निर्माणाधीन ब्रिजों का निरीक्षण जायेगा।

## लुलु माल में खुला इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन

संवाददाता।

लखनऊ लखनऊ का सुप्रसिद्ध शॉपिंग डेस्टिनेशन लुलु मॉल ग्राहकों कि हर जरूरतों का ख्याल रखता है इसी क्रम में मॉल में इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन की शुरुआत हुई है, यह सुविधा एक साथ चार चार्जिंग प्वाइंट के साथ ग्राहकों को फास्ट चार्जिंग की सुविधा प्रदान करेगी। जोकि शहीद पथ पर फोर व्हीलर से यात्रा करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा और उनकी यात्रा को सुगम बनाने का काम करेगा। यह चार्जिंग स्टेशन लुलु मॉल के बेसमेंट पार्किंग में स्थित है। इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन डीएफओ (आईएफएस) मि. रवि कुमार सिंह ने किया। लुलु मॉल के जनरल मैनेजर समीर वर्मा ने इस खास मौके पर कहा कि मॉल के बेसमेंट में स्थित चार इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग प्वाइंट उपलब्ध हैं जिनमें 4 वाहनों को एक साथ चार्ज किया जा सकता है। जिसमे सुपरफास्ट चार्जिंग के लिए 60 किलोवाट डीसी सीसीएस–2, तेज चार्जिंग के लिए 30 किलोवाट डीसी सीसीएस–2, फास्ट चार्जिंग के लिए 25 किलोवाट डीसी सीसीएस–2 और सामान्य चार्जिंग के लिए 7.4ॉ एसी टाइप–2 मौजूद हैं। हमे उम्मीद है ग्राहक इस सुविधा का भरपूर लाभ उठाएंगे।

## सामूहिक विवाह योजना में पवित्र बंधन में बंधे 10 जोडे

लखनऊ उ.प्र. सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना' के अंतर्गत नगर निगम लखनऊ द्वारा समाज कल्याण विभाग के सहयोग एवं नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के प्रयासो से सभी जाति व धर्म के 10 जोड़ो का विवाह पूर्ण विधि–विधान से सम्पन्न कराया गया। योजना के अंतर्गत जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालक विद्यालय, मोहान रोड में विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। योजना में निर्धारित निर्देशो का अनुपालन करते हुए प्राप्त आवेदनों की जाँच कर विवाह योग्य जोड़ो को चयन किया गया था। योजना में अनुसूचित जाति के 08, अनुसूचित जनजाति के 01, सामान्य के 01 जोड़े का विवाह सम्पन्न हुआ। सभी जोड़े विवाह हेतु अपने परिवारीजनो के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मा. विधायिका मलिहाबाद जय देवी के करकमलो द्वारा नवविवाहित जोड़ो को बिछिया–पायल की भेंट सहित प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए आशीर्वाद दिया गया तथा उनके सुखमय व उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इसके अतिरिक्त अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित हुए। आयोजन में जोनल अधिकारी जोन–6, सम्बन्धित राजस्व निरीक्षक व लिपिक सहयोग हेतु उपस्थित रहे। वैवाहिक कार्यक्रम में योजना के निर्देशो के अनुरूप विवाहितों को उपहार तथा समस्त अतिथियों को भोजन कराकर कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया।

## बलिया की घटना पर समाज कल्याण मंत्री का कड़ा रुख...

लखनऊ ।लखनऊ–बलिया में 25 जनवरी को हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अपात्रों को लाभ दिए जाने के मामले को समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण ने गंभीरता से लिया है और जांच का आदेश दिया। जांच के बाद आरोपी सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) सुनील कुमार यादव को समाज कल्याण निदेशक ने बुधवार को निलम्बित किया, इसके साथ ही आरोपी अधिकारी सहित सभी 08 अपात्र लाभार्थियों के खिलाफ बलिया में धारा 419, 420 और 409 के तहत मुकदमा भी दर्ज कराया गया है।

जिनकी हो चुकी थी शादी, उनको किया शामिल


सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आरोपी सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) सुनील कुमार यादव ने ग्राम पंचायत मानिकपुर से अर्चना, रंजना, सुमन को शामिल करवाया। इसी तरह ग्राम पंचायत सुल्तानपुर से प्रियंका, सोनम, पूजा, सन्जू और रमिता का भी विवाह 25 जनवरी को संपन्न हुआ। इन सभी का सत्यापन आरोपी अधिकारी सुनील कुमार द्वारा किया गया था। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि सन्जू का विवाह 03 वर्ष पहले जबकि पूजा का विवाह एक वर्ष पूर्व हो चूका है, इसके अतिरिक्त अर्चना, रंजना, सुमन, रमिता और प्रियंका का विवाह वर्ष 2023 में हो चुका है।

विवाह तय नहीं, बना दिया लाभार्थी

जांच में सामने आया कि सोनम का अभी विवाह तय ही नहीं है इसके बावजूद उसे लाभार्थी के रूप में शामिल किया गया। जिलाधिकारी बलिया के निर्देश पर हुई जांच में इसका खुलासा होने के बाद सभी 09 आरोपियों के खिलाफ 30 जनवरी को बलिया में रिपोर्ट दर्ज करवाई गयी है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने प्रशासनिक जांच और एफआईआर की जांच दोनों में त्वरित कार्यवाही करने का

## इंग्लैण्ड एवं अमेरिका के चार विश्वविद्यालयों में सी.एम.एस. छात्रा चयनित

लखनऊ, 31 जनवरी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस की छात्रा संरचना पाल को इंग्लैण्ड एवं अमेरिका के चार प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने उच्चशिक्षा हेतु आमन्त्रित किया है, जिनमें इंग्लैण्ड की यूनिवर्सिटी आफ मैनचेस्टर एवं किंग्स कालेज लंदन जबकि अमेरिका की मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी एवं इण्डियाना यूनिवर्सिटी शामिल हैं। इस प्रकार, सी.एम.एस. की एक और प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा से लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। सी.एम.एस. छात्रा ने इस सफलता का श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस मेधावी छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।वर्ष 2023 में सी.एम.एस. के 100 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक), मैसाचुसेट्स इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.आई.टी.), स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कार्नेल यूनिवर्सिटी, मेलबर्न यूनिवर्सिटी एवं नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है।


संरचना पाल

## पर्यटन विशेषज्ञ डॉ प्रदीप तिवारी विद्यावारिधि सारस्वत सम्मान से सम्मानित

झांसी! झांसी निवासी प्रदीप तिवारी नई दिल्ली के प्रसिद्ध कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ द्वारा राष्ट्रीय हिन्दी संगोष्ठी एवं विद्या वारिधि सारस्वत सम्मान समारोह




का भव्य आयोजन किया गया।हिन्दी एवं स्थानीय भाषाओं के प्रचार प्रसार हेतु राष्ट्रीय स्तर पर प्रयासरत पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ के द्वारा 28 जनवरी को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित भव्य सम्मान समारोह देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए विद्वत जनों को षविद्या वाचस्पतिष एवं विद्या वारिधि उपाधि से सम्मानित किया गया समारोह के मुख्य अतिथि रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति पद्मश्री डॉ अरविन्द कुमार रहे , अध्यक्षता राष्ट्रीय कथावाचिका सुश्री दीपा मिश्रा ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में दुर्ग से आए हुए राष्ट्रीय पर्यावरणविद डॉ विश्वनाथ पाणिग्रहि, विद्यापीठ के महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष डॉ किरण बोंगले तथा विद्यापीठ के केरल के प्रतिनिधि श्री श्रीकुमार एन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया इसी क्रम में बुन्देलखण्ड पर्यटन विकास एवं पुरातत्व सरंक्षण समिति के अध्यक्ष एवं उ म रे के जेड आर यू सी सी सदस्य डॉ प्रदीप कुमार तिवारी को हिन्दी लेखन, साहित्य साधना पर्यटन विकास एवं समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए अतुलनीय योगदान हेतु विद्या वारिधि सारस्वत सम्मान मानद उपाधि से सम्मानित किया गया सम्मान समारोह में देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों , लेखकों , शिक्षकों, साहित्यकारों , पर्यावरणविदों एवं अन्य विद्वत जनों ने हिन्दी भाषा को लेकर अपने विचार प्रकट किए।पं.दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ का यह विशिष्ट सम्मान हिन्दी लेखन , शिक्षा के उन्नयन , पर्यावरण जागरूकता , चिकित्सा सेवा , जल संरक्षण एवं समाजसेवा के क्षेत्र में सम्मानित जनों की विशिष्ट उपलब्धियों के आधार पर मंचासीन अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। आयोजकों द्वारा अतिथियों विद्यापीठ का को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। समारोह का संचालन आचार्य पं. जानकी बल्लभ शास्त्री ने किया तथा आभार प्रदीप शर्मा ने व्यक्त किया।


## श्री चित्रगुप्त चौराहा घोषित किए जाने पर हर्ष



झांसी! बुंदेलखंड कायस्थ महासभा के केन्द्रीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम नारायण श्रीवास्तव के नेतृत्व में ष्मैरी चौराहाष का नाम श्री चित्रगुप्त चौराहा किए जाने पर कायस्थ समाज द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी प्रशान्त सक्सेना, प्रान्तीय सचिव आनन्द कुमार सक्सेना, बुंदेलखंड कायस्थ महासभा के मंडल अध्यक्ष अरविंद सक्सेना, जिला अध्यक्ष अंबिका प्रसाद श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष अशोक खरे सहित विभिन्न सामाजिक एवं समाजसेवी संस्थाओं के गणमान्य पदाधिकारी अभिलाष खरे, संजय खरे, नीरज श्रीवास्तव, हेमंत श्रीवास्तव, साकेत सक्सेना, राजीव कुलश्रेष्ठ, करण प्रकाश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहेउल्लेखनीय है कि कानपुर रोड– ग्वालियर रोड तथा मुस्तरा रेलवे स्टेशन रोड–मेरी रोड के मध्य स्थित मेरी चौराहा का नाम श्री चित्रगुप्त चौराहा किए जाने का नगर निगम में प्रस्ताव पारित किया गया है। आज झांसी महानगर के प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिकों द्वारा चौराहा स्थल का निरीक्षण कर स्थान चिन्हित किया। समस्त औपचारिकताएं पूर्ण होने के उपरांत मार्च 2024 में भव्य चौराहे का निर्माण किया जाएगा जिस पर भगवान श्री चित्रगुप्त जी की आकर्षक प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी

# मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की सी.एम.एस. संस्थापिका डा. भारती गाँधी ने

लखनऊ, 31 जनवरी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल की संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी ने मुख्यमंत्री माननीय श्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें डा. जगदीश गाँधी की स्मृति प्रार्थना सभा में पधारने का आमन्त्रण दिया। इस अवसर पर डा. भारती गाँधी ने प्रशासनिक कौशल व दूरदर्शिता से प्रदेश के समावेशी विकास की परिकल्पना को धरातल पर उतारने के मुख्यमंत्री जी के अथक प्रयासों पर उन्हें हार्दिक बधाई भी दी। इस मुलाकात में सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन एवं डा. रोजर डेविड किंगडन भी उपस्थित थे। मुलाकात के उपरान्त सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने बताया कि मुख्यमंत्री जी से बहुत अच्छी मुलाकात हुई। उन्होंने डा. भारती गाँधी का हालचाल पूछा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् स्व. डा. जगदीश गाँधी जी को याद करते हुए भावी पीढ़ी की सर्वांगीण विकास, सामाजिक उत्थान एवं एकता व शान्ति के उनके अतुलनीय प्रयासों की भूरि–भूरि सराहना की।



## पहली बार ऑर्थो वॉकथॉन ओडब्ल्यूएन का आयोजन किया

झांसी! क्षतिग्रस्त जोड़ों या हड्डियों के खराब स्वास्थ्य से उत्पन्न होने वाली गतिशीलता संबंधी समस्याएं अक्सर गतिहीन जीवनशैली का कारण बनती हैं। इस चिंता को देखते हुए, मुनोट हेल्थकेयर फाउंडेशन (एमएचएफ) (एक पंजीकृत चौरिटी संगठन जो पूरे भारत में विशेष आर्थोपेडिक देखभाल प्रदान करने के लिए समर्पित है), ने देश में पहली बार ऑर्थो वॉकथॉन (ओडब्ल्यूएन)ष का आयोजन किया

बांद्रा में ताज लैंड्स एंड के सुंदर समुद्र तटीय लॉन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थोपेडिक स्थिति वाले व्यक्तियों को सशक्त बनाना है, जिससे उन्हें 1, 3 या 5 किलोमीटर की दूरी पैदल चलने का अवसर मिल सके डॉ. शिल्पा मूनोट, निदेशक दृ मूनोट हेल्थकेयर फाउंडेशन, ने कहा, "लगभग 200 रोगियों ने, जिनकी उम्र 12 वर्ष से लेकर 85 वर्ष तक की थी, इस अग्रणी कार्यक्रम में भाग लिया। इनमें ऐसे व्यक्ति भी शामिल थे जो डॉ. प्रदीप मूनोट द्वारा भारत के पहले टखने के प्रतिस्थापन जैसी अभूतपूर्व प्रक्रियाओं से गुजर चुके थे, साथ ही वे लोग भी थे जो फ्लैट फुट, घुटने के दर्द, कूल्हे की सर्जरी और रीढ़ की हड्डी की समस्याओं से जूझ रहे थे। उत्साहजनक रूप से, प्रतिभागियों ने बांह की बैसाखी से लेकर वॉकर और चलने वाली छड़ियों का इस्तेमाल करते हुए अपने दृढ़ संकल्प को दर्शाया। उनकी इस सामूहिक भावना ने एक प्रेरणा के रूप में काम किया, जिससे हड्डी और जोड़ों की देखभाल के महत्व के बारे में दूसरों के बीच जागरूकता पैदा हुई विभिन्न विकृतियों वाले कई रोगियों, जैसे कि टिबियल फ्रैक्चर, टैलस फ्रैक्चर, एंकल विकृतियाँ, 3 से 5 किलोमीटर तक चलने में सक्षम थे। डॉ. भलेराव को थाइल्ड फ्रैक्चर, टैलस फ्रैक्चर, एंकल विकृतियों की अर्थराइटिस और संबंधित दर्द, सूजन, और 100 मीटर से अधिक चलने की असमर्थता थी।




## प्रभा पाल महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

झांसी । अखिल भारतीय पाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैतान सिंह पाल जी के निर्देश पर प्रभा पाल को अखिल भारतीय पाल महासभा महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है अखिल भारतीय पाल महासभा ने प्रभा पाल को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए जाने के बाद कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई प्रभा पाल को फूल माला पहनाकर नेताओ व कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से संगठन मजबूत होगा और संगठन का विस्तार होगा!



## सीता स्वयंवर की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

अमानीगंज–अयोध्या । क्षेत्र के संत भीखादास की कुटी मोहली में चल रही श्री राम कथा के छठवें दिन स्वामी बाल भरत दास जी महाराज ने सीता स्वयंवर की कथा सुनाई। सीता स्वयंवर की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा व्यास ने कहा कि सीता स्वयंवर में राजा जनक परेशान व क्रोधित होकर अपने सिंहासन से उठ जाते हैं। आक्रोश में कहते हैं धरती वीरों से खाली हो गई है कोई भी भगवान शिव के धनुष को उठाने में सक्षम नहीं है लगता है मेरी पुत्री कुंवारी ही रह जाएगी। वहां मौजूद लक्ष्मण क्रोधित हो जाते हैं प्रभु श्री राम जितने कोमल थे शिव धनुष उतना ही कठोर था। लेकिन जैसे ही श्रीराम को ऋषि विश्वामित्र की आज्ञा मिली वे धनुष को उठाकर जैसे ही प्रत्यंचा चढ़ाते हैं वह टूट जाता है। शिव धनुष टूटते ही तेज ध्वनि से पूरा ब्रह्मांड हिल जाता है। सीता भगवान राम को वरमाला पहना देती है। आकाश से देवता पुष्प वर्षा करते हैं सीता स्वयंवर की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो जाते हैं। कथा में पहुंचे विधायक रामचंद्र यादव ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पावन चरित्र को आत्मसात करना चाहिए। कथा में डॉ एनसी तिवारी, कामाख्या धाम के पुजारी आचार्य मनोज मिश्र, पूर्व ब्लाक प्रमुख कमलेश यादव, वंशीधर द्विवेदी, भवानीफेर मिश्र सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## भावनात्मक बुद्धिमत्ता से दूर होती अनावश्यक चिंता – डॉ. आलोक

संवाददाता।

अयोध्या। बोर्ड परीक्षा की आहट से घबराहट होना एक हद तक तो सामान्य होता है परन्तु यह घबराहट यदि इस स्थिति तक बढ़ जाये कि खुद को संभालना मुश्किल होने लगे तो यह स्थिति एक मनोविकार का रूप हो सकती है जिसे पैनिक एंग्जाइटी या एंग्जायटी डिसऑर्डर कहा जाता है। घबराहट, बेचौनी, हताशा, चिड़चिड़ापन, दिल की धड़कन बढ़ना, बुरे ख्याल आना , मौत का खौफ महसूस होना, हार्ट अटैक का भय,मुंह सूखना, सांस का तेज चलना, सर दर्द, आवाज बैठना, नींद मे चौंककर उठना, शारीरिक व मानसिक थकान जैसे लक्षण इसमें दिखायी पड़ सकतें हैं। उन छात्रों में यह लक्षण ज्यादा दिखाई पड़ते हैं जिनका इमोशनल–क्वोशेन्ट या ई– क्यू कम होता हैं।ऐसे छात्र चिंतालु या लापरवाह व्यक्तित्व के होते हैं। यह बातें डा. आलोक मनदर्शन ने उदया पब्लिक स्कूल में आयोजित एग्जाम एंग्जायटी एंड पर्सनालिटी टाइप विषयक कार्यशाला में कही। चिंतालु व लापरवाह व्यक्तित्व के प्रति सतर्क रहें तथा इमोशनल इंटेलीजेंस या भावनात्मक बुद्धिमता से नकारात्मक मनोभावों से दूरी बनाते हुए मनोस्वास्थ्य पे फोकस करें।परफॉर्मेंस बेहतर उन्ही का होता है जो इमोशनली इंटेलीजेंस होते हैं। कार्य या अध्ययन के बीच छोटे ब्रेक लेकर मनोरंजक गतिविधियों का भी पूरा आनन्द ले तथा तरल पदार्थो का सेवन करते रहें। छः से आठ घन्टे की गहरी नींद अवश्य ले। नकारात्मक व तुलनात्मक स्वआंकलन न करे एवं ऐसा करने वाले तथा अतिअपेक्षित वातावरण बनाने वाले परिजनों के दबाव से बचें।इससे स्ट्रेस हार्मोन कॉर्टिसोल में कमी आती है तथा हैप्पी हॉर्मोन सेरोटोनिन व डोपामिन बढ़ता है। घबराहट ज्यादा बनी रहने पर मनो विशेषज्ञ से परामर्श ले। अध्यक्षता जीवेन्द्र सिंह तथा संयोजन निधि सिन्हा ने किया।

## अराजक तत्वों ने प्राचीन काली माता मंदिर को बनाया निशाना

### –माता रानी की प्रतिमा को किया निर्वस्त्र ग्रामीणों में आक्रोश

संवाददाता।

मिल्कीपुर–अयोध्या । प्राचीन काली माता मंदिर का ताला तोड़कर अराजक तत्वों द्वारा मंदिर में रखा दान पत्र पूजा पाठ सामग्री सहित अन्य सामान एवं देवी प्रतिमा को पहनाया गया वस्त्र गायब कर दिया गया है। मंदिर के पुजारी के प्रातः आरती पूजन हेतु मंदिर पर पहुंचने के बाद घटना की जानकारी हुई सूचना मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घटना को लेकर आक्रोश व्यक्त करने लगे। उधर घटना की जानकारी पाकर कुमारगंज थाने की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गई। काफी खोजबीन किए जाने के बाद मंदिर के बगल ही स्थित एक तालाब से मंदिर का दान पत्र सहित सारा सामान बरामद हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पाराधमथुआ के पूरे झाऊ पांडेय में सैकड़ो वर्ष पुराना प्राचीन काली माता मंदिर स्थित है। मंदिर में पूजा पाठ का काम गांव के ही पंडित देवराज द्वारा किया जाता है। मंदिर के पुजारी का कहना है कि वह नित्य की भांति बीते मंगलवार की देर रात मंदिर पर पूजा आरती करने को उपरांत मंदिर का ताला बंद कर अपने घर चले आए थे बुधवार की सुबह जब वह मंदिर पर पूजा पाठ करने पहुंचे तो देखा कि मंदिर का दरवाजा खुला पड़ा है। मंदिर में रखा दान पात्र सहित कई सामान गायब है यही नहीं देवी प्रतिमा का अंग वस्त्र भी हटाकर मूर्ति को नग्न कर दिया गया है। मंदिर में रखा सारा सामान बिखरा देख उन्होंने ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। फिर क्या था देखते ही देखते सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु मौके पर पहुंच गए और घटना को लेकर काफी आक्रोशित हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने उग्र एवं नाराज लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। ग्रामीणों का मानना है कि गांव में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों का प्रेम एवं सौहार्द के वातावरण में आदि से साथ–साथ रहना बैठना चला आ रहा है। शायद इसी अमन चौन में खलल डालने की नीयत से किसी शरारती एवं अराजक तत्व द्वारा यह घिनौना कृत्य किया गया है।

## नियुक्ति पत्र पाकर अभ्यर्थियों के खिले चेहरे

झांसी! कौशल विकास मिशन योजना के अंतर्गत विकासखंड रोजगार स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन विकास खंड बबीना



के जिज्ञासा इंटर कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ0 बाबूलाल तिवारी शिक्षक विधायक इलाहाबाद झांसी खंड द्वारा किया गया। मेले में विभिन्न क्षेत्रों से 18 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया मेले में 430 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 147 युवाओं का चयन विभिन्न कंपनियों द्वारा किया गया। मेले में स्काई टेक सॉल्यूशन ,स्किल्ड इण्डिया सोसाइटी, डायल एस आई एस, पुखराज हेल्थ केयर, होम हेल्थ केयर ,फेमस नेट मैन्युफैक्चरर एंड एक्सपोर्टर गारमेंट्स , प्रथम एजुकेशन इत्यादि प्रमुख कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि द्वारा बताया गया कि कौशल विकास योजना द्वारा चलाए गए रोजगार मेले के आयोजन से अपने बुंदेलखंड के युवाओं का पलायन भी रुकेगा। मेले में स्किल इंडिया सोसाइटी झांसी के डायरेक्टर श्री नीरज सिंह द्वारा प्रतिभागियों को कौशल परक कार्यक्रमों द्वारा कुशल कामगार तैयार कर एक मजबूत भविष्य सृजन का संदेश दिया गया। उक्त मेले में सत्यम त्रिपाठी, ध्रुव , राहुल, रिषभ , महाराज सिंह पटेल , पुरुषोत्तम , अनुराधा एवं रश्मि आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन मानव विकास संस्थान के कन्वीनर अशोक अग्रवाल काका ने किया। जिला समन्वयक श्री राजकुमार द्वारा जिला कौशल प्रबंधन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक कीर्ति लता गौर व उपस्थित कंपनी प्रतिभागियों का मेले के सफल आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया गया।

## जनपद स्तरीय आईसीटी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### – पुरुष वर्ग से अनूप मल्होत्रा और महिला वर्ग से रिचा उपाध्याय का हुआ चयन

अयोध्या । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) अयोध्या में जनपद अस्तर पर आयोजित आईसीटी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग से अनूप मल्होत्रा एवं महिला वर्ग से ऋचा उपाध्याय सर्वोत्तम घोषित किए गए । जिन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद अयोध्या का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा । सभी प्रतिभागियों को उप शिक्षा निदेशकध् डायट प्राचार्य जय प्रताप सिंह एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने अपनी शुभकामनाएं दी। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए आईसीटी प्रतियोगिता के प्रभारी डायट प्रवक्ता डा. शरीफ अहमद ने बताया कि जिले के समस्त विकास खण्डों एवं माध्यमिक विद्यालयों से अध्यापकों को जनपद स्तरीय आईसीटी प्रतियोगिता मे प्रतिभाग करने हेतु आमंत्रित किया गया था। जिसमें विभिन्न विकासखंडों से पहुंचे अध्यापकों ने शिक्षा के क्षेत्र में आईसीटी का प्रयोग, शिक्षक की गुणवत्ता में सुधार, बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि पैदा करना और नामांकन संख्या को बढ़ाना इत्यादि से संबंधित सभी शिक्षकों ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता कान्ती वर्मा, श्री राकेश कुशवाहा, डॉ शरीफ अहमद, पंकज कुमार पटेल एवं राम प्रसाद प्रवक्ता मौजूद रहे। प्रतियोगिता के अंत में डायट वरिष्ठ प्रवक्ता श्री लाल चन्द्र ने पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पाराताजपुर, हैरिंगटनगंज के शिक्षक अनूप मल्होत्रा को प्रथम स्थान और, प्राथमिक विद्यालय शुक्लापुर,रुदौली के शिक्षक मो. असगर अली को द्वितीय एवं प्राथमिक विद्यालय पूराबली,अमानीगंज के शिक्षक शिवेंद्र कुमार सिंह को तृतीय घोषित किया। इसी प्रकार महिला वर्ग में पूर्व माध्यमिक विद्यालय बवां,अमानीगंज की ऋचा उपाध्याय को प्रथम, मसौधा की रीता मालवीय जी को द्वितीय एवं अंजू गुप्ता को तृतीय स्थान प्राप्त होने की घोषणा की।

## एसडीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

सोहावल–अयोध्या । मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बीकापुर विधान सभा में चल रही वोटर एल ई डी वैन सभी 410 बूथों पर 6 फरवरी तक घूमेगी। जहां क्षेत्र के बी एल ओ और सुपरवाइजर मौजूद रहेंगे। मतदान की निष्पक्षता का डेमो मतदाताओं से कराएंगे। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि इसमें सहयोग करें । बुधवार को तहसील मुख्यालय पर उप जिलाधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव की ओर से हुई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में यह अपील करते हुए प्रशासन ने जन प्रतिनिधियों को चुनावी आदर्श आचार संहिता का पाठ पढ़ाया। भाजपा मंडल महा मंत्री अरुण तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, कांग्रेस जिला सचिव लाल मोहम्मद, अपनादल एस प्रदेश सचिव शत्रोहन वर्मा, सपा विधान सभा महासचिव विजय प्रकाश रालोद जिलाध्यक्ष राजेश तिवारी तहसीलदार विनोद चौधरी मौजूद रहे।

# संपादकीय

## अंतरराष्ट्रीय न्याय को ठेंगा ?

यह स्पष्ट आदेश आने के बाद इजराइल ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय पर यहूदी विरोधी होने का इल्जाम लगा दिया। अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों की प्रतिक्रियाओं का सार भी यही है कि उनके लिए इस निर्णय का कोई महत्त्व नहीं है।

गजा में इजराइली कार्रवाई के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की याचिका पर अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के अंतरिम आदेश पर अमेरिका और उसके साथी देशों की प्रतिक्रिया नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति उनकी निष्ठा पर गंभीर सवाल खड़े करती है। ह्वाइट हाउस ने कहा है कि इस निर्णय से इजराइल–फिलस्तीन युद्ध के बारे में उसके नजरिए में कोई बदलाव नहीं आएगा। कनाडा ने तो यह भी दोहरा दिया है कि इस मामले में दक्षिण अफ्रीका की याचिका की वैधता को वह स्वीकार नहीं करता। इसके बावजूद कि अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने दो टूक निर्णय दिया कि संयुक्त राष्ट्र की नरसंहार संबंधी संधि के तहत उसने दक्षिण अफ्रीका की याचिका को विचार के लिए स्वीकार किया है। इजराइल गजा में नरसंहार में शामिल है या नहीं, इस बारे में न्यायालय बाद में फैसला देगा। लेकिन दक्षिण अफ्रीका की तात्कालिक राहत संबंधी गुजारिश पर उसने छह महत्त्वपूर्ण आदेश दिए हैं। इनमें इस्तेमाल हुई भाषा से स्पष्ट है कि न्यायालय प्रथम दृष्टया मान रहा है कि यह नरसंहार का मामला है। उसने इजराइल को ऐसी हर कार्रवाई रोकने का आदेश दिया है, जिससे नरसंहार की आशंका हो। दक्षिण अफ्रीका ने तुरंत युद्धविराम का आदेश देने की गुजारिश की थी।
न्यायालय ने दो टूक ऐसा आदेश तो नहीं दिया, लेकिन उसके अन्य आदेशों का अर्थ व्यावहारिक रूप में युद्धविराम ही है। उसने गजा में मानवीय राहत पहुंचाने और मानवीय स्थितियां बहाल करने का आदेश दिया है। जाहिर है, यह कार्य बिना युद्धविराम के नहीं हो सकता। यह स्पष्ट आदेश आने के बाद इजराइल ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय पर यहूदी विरोधी होने का इल्जाम लगा दिया। अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों की प्रतिक्रियाओं का सार भी यही है कि उनके लिए इस निर्णय का कोई महत्त्व नहीं है। इस रुख से उन्होंने संदेश दिया है कि वे सिर्फ उन नियमों को मानते हैं, जो उनके मुताबिक और उनके हित में हों। अगर नियम उनके खिलाफ जाने लगें, तो वे उसे ठोकर मार देते हैं। मगर इस रुख से वे दुनिया में अपने नैतिक बल और सॉफ्ट पॉवर को और क्षीण करेंगे। आखिर वैश्विक नैरेटिव पर अब उनका पहले जैसा कंट्रोल नहीं रह गया है।

## इस बार प्रहसन में!

मतदाता भी बार–बार ठगे जाने के कारण ऐसी घटनाओं पर नाराज नहीं होते– बल्कि उनमें कौतुक और संबंधित घटनाओं से अपना मनोरंजन कर लेने का भाव जगता है। बिहार की ताजा घटना ने फिलहाल उनका पूरा मनोरंजन किया है।

एक बहुचर्चित कथन है कि इतिहास अपने को दोहराता है, लेकिन पहली बार ट्रेजेडी में और दूसरी बार प्रहसन के रूप में। इसका अर्थ यह है कि इतिहास की महत्त्वपूर्ण घटनाओं से जब लोग सबक नहीं लेते, तो उन्हें दोबारा वैसी ही त्रासदी का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद लोग सीख नहीं लेते, तो फिर वैसी घटनाएं प्रहसन के रूप में दोहराई जाती हैं, क्योंकि तब लोग सबक ना सीखने की अपनी भूल के कारण सहानुभूति के नहीं, बल्कि तरस के पात्र बन जाते हैं। बिहार के विभिन्न राजनीतिक दलों ने– जब खुद को छला गया महसूस किया, तब उन्होंने नीतीश कुमार को पलटू राम का नाम दिया। लेकिन जब नीतीश प्रतिद्वंद्वी दल को छल कर साथ आ मिलते हैं, तो उन्हें गले लगाने में वे पार्टियां पूरा उत्साह दिखाती रही हैं। इसलिए बिहार में हुए ताजा घटनाक्रम को एक प्रहसन के रूप में देखा जाएगा। इससे संभव है कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को अपना जातीय समीकरण बनाने में सहायता मिले, लेकिन जिस नेता के लिए सारे दरवाजे बंद हो गए थे, उसे फिर से राज्य में अपने गठबंधन का नेता मान कर पार्टी ने अपनी साख को क्षीण किया है। दरअसल, कहा जा सकता है कि वह भी इस प्रहसन का एक प्रमुख पात्र बन गई है। उधर राष्ट्रीय जनता दल और उसकी सहयोगी पार्टियां भी हास्य का पात्र बनी हैं। कुछ रोज पहले तक भाजपा का साथ छोड़ कर आए नीतीश कुमार को समाजवादी एकता और चाचा–भतीजा का पुनर्मिलन बताने वाले नेताओं के साथ आखिर आज किसे हमदर्दी होगी! यह सारा घटनाक्रम भारतीय राजनीति के किसी बड़े मकसद से दूर जाते हुए विशुद्ध रूप से जोड़–तोड़ में तब्दील हो जाने की शायद सबसे बेपर्द मिसाल है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि राजनीति के इस स्वरूप को बेनकाब कर कोई नई शुरुआत करने वाली शक्तियों का पूरा अभाव बना हुआ है। इसलिए मतदाता भी बार–बार ठगे जाने के कारण ऐसी घटनाओं पर नाराज नहीं होते– बल्कि उनमें कौतुक और संबंधित घटनाओं से अपना मनोरंजन कर लेने का भाव जगता है। बिहार की घटनाओं ने फिलहाल उनका पूरा मनोरंजन किया है।

## मेडटेक मित्र भारत निर्मित मेडटेक उत्पादों का हाईवे

केंद्र सरकार ने मेडटेक मित्र नाम से इनोवेटर्स की मदद के लिए एक पहल शुरू की है जिसका लक्ष्य क्लिनिकल मूल्यांकन, विनियामक सुविधा और नए मेडटेक उत्पादों को बढ़ावा देना हैढ्ढ

नए मेडटेक उत्पाद (जैसे चिकित्सा उपकरण या डायग्नोस्टिक) की यात्रा एक आविष्कारक के विचार से शुरू होती है जो एक प्रयोगशाला में इसकी प्रमाण अवधारणा (पीओसी) का प्रदर्शन करता है। फिर आविष्कारक को आगे के परीक्षण के लिए प्रोटोटाइप के निर्माण हेतु एक भागीदार की आवश्यकता भी होती है। उत्पाद के लिए पशु अध्ययन की आवश्यकता और आखिर में मानव अध्ययन को सख्त नियामक और नैतिक दिशानिर्देशों का पालन करते हुए और मजबूत अनुसंधान विधियों को नियोजित करने की आवश्यकता भी होती है। एक अनुमोदित और लाइसेंस प्राप्त उत्पाद बड़े पैमाने पर उत्पादन और बाजार में प्रवेश के अवसर की प्रतीक्षा करता है।

इनोवेटर्स और स्टार्टअप अपने तकनीकी काम में बहुत अच्छे हो सकते हैं, लेकिन विचार–विमर्श से लेकर क्लिनिकल सेटिंग में उपयोग के लिए तैयार उत्पाद तक की जटिल यात्रा को पूरा करना उनके लिए कठिन होता हैय और अक्सर समय पर व्यापक मार्गदर्शन और सुविधा नहीं मिल पाती है।

ज्यादातर इनोवेटर्स विनियामक आवश्यकताओं, परीक्षण और सत्यापन, उद्योग ग्रेड उत्पादन, पशु अध्ययन, मूल्यांकनध्परीक्षण, प्रौद्योगिकी मूल्यांकन अनिवार्यताओं, आदि के बारे में समझ और अवसरों की कमी से संबंधित कठिनाइयाँ का सामना करते हैं। परिणामस्वरूप, बड़ी संख्या में संभावित प्रभावी मेडटेक उत्पाद विकास पाइपलाइन के विभिन्न चरणों में अटके रहते हैं, और कभी भी मुख्यधारा में नहीं आ पाते हैं। निराशा हाथ लगती है और कई इनोवेटर्स हार मान जाते हैं। यह अस्वीकार्य स्थिति युवाओं की नवीन और उद्यमशीलता की भावना और प्रतिभा को दबा देती हैय और देश के नवोन्मेषी, आर्थिक और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े हितों को कमजोर करती है।

# सपा ने लोकसभा चुनाव के लिए टिकट तो बाँट दिये मगर अपने उम्मीदवारों को जिताएंगे कैसे ?

समाजवादी पार्टी की लिस्ट पर नजर डालें तो इसमें कुछ ऐसे नेताओं को भी टिकट दिया गया है, जो कुछ समय पहले कांग्रेस छोड़कर पार्टी में पहुंचे हैं। इनमें अन्नू टंडन का नाम सबसे प्रमुख है। अन्नू टंडन पुरानी कांग्रेसी हैं। उन्नाव से वह सांसद भी रह चुकी हैं। आम चुनाव के नतीजे कुछ भी हों, लेकिन समाजवादी पार्टी ने करीब दो महीने बाद होने जा रहे लोकसभा चुनावों में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करने के मामले में सभी दलों को पछाड़ दिया है। ऐसा करके सपा ने भाजपा पर मनोवैज्ञानिक बढ़त बनाने की कोशिश की है, लेकिन उसका यह दांव कितना ठीक बैठेगा अभी कहा नहीं जा सकता है। हो सकता है कि सपा ने अपने पत्ते खोलकर भाजपा को अपनी मजबूत रणनीति बनाने का मौका दे दिया हो। वहीं इसमें कांग्रेस के लिए भी एक संदेश छिपा है कि वह जल्द से जल्द कोई निर्णय ले ले, नहीं तो सपा को अकेले चुनाव मैदान में कूदने में संकोच नहीं होगा। समाजवादी पार्टी की प्रत्याशियों की पहली लिस्ट में अखिलेश यादव ने जिन 16 उम्मीदवारों के नाम घोषित किये हैं उसमें यादव कुनबे के तीन उम्मीदवार क्रमशः पत्नी डिंपल यादव, चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव और अक्षय यादव का नाम सामने आया है, जिनके टिकट तय कर दिये गये हैं। सपा ने जिताऊ प्रत्याशी उतारने के चक्कर में बसपा और कांग्रेस से आए कुछ नेताओं को भी टिकट थमा दिया है। अखिलेश के इस कदम को एक तरफ इंडिया गठबंधन की आपसी राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है तो वहीं इस ऐलान को कहीं न कहीं भाजपा के दांव से उस पर ही मनोवैज्ञानिक बढ़त बनाने की कोशिश से भी बताया जा रहा है। माजवादी पार्टी की लिस्ट पर नजर डालें तो इसमें कुछ ऐसे नेताओं को भी टिकट दिया गया है, जो कुछ समय पहले कांग्रेस छोड़कर पार्टी में पहुंचे हैं। इनमें अन्नू टंडन का नाम सबसे प्रमुख है। अन्नू टंडन पुरानी कांग्रेसी हैं। उन्नाव से वह सांसद भी रह चुकी हैं। हालांकि इस सीट से फिलहाल भाजपा के साक्षी महाराज सांसद हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में अन्नू टंडन कांग्रेस से प्रत्याशी थीं और तीसरे स्थान पर रही थीं। समाजवादी पार्टी दूसरे नंबर पर रही थी। अब अन्नू टंडन को सपा से टिकट मिला है। इसी तरह अकबरपुर लोकसभा सीट से सपा ने राजाराम पाल को प्रत्याशी बनाया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में राजाराम कांग्रेस के टिकट पर मैदान में थे। वह तीसरे नंबर पर रहे थे। उस चुनाव में ये सीट सपा–बसपा गठबंधन के तहत बसपा के खाते में गई थी। बसपा दूसरे नंबर पर रही थी और जीत भाजपा के देवेंद्र सिंह भोले की हुई थी। इसी प्रकार से समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को झटका देते हुए फर्रुखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य को प्रत्याशी बनाया है। फर्रुखाबाद सीट से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद चुनाव लड़ते रहे हैं। 2019 में सलमान खुर्शीद तीसरे स्थान पर रहे थे। इस सीट पर भी गठबंधन के तहत बसपा ने मनोज अग्रवाल को टिकट दिया था, जो दूसरे नंबर रहे थे। भाजपा के मुकेश राजपूत ने यहां से जीत दर्ज की थी। कांग्रेस लखनऊ लोकसभा सीट पर भी हर बार जोर लगाती रही है। पिछली बार प्रमोद कृष्णम को यहां से प्रत्याशी बनाया गया था, लेकिन काफी कोशिश के बाद भी कांग्रेस यहां तीसरे स्थान पर रही थी। पिछली बार सपा–बसपा गठबंधन के तहत इस सीट पर सपा ने फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा को मैदान में उतारा था लेकिन वह भी दूसरे स्थान पर ही रही थीं। इस बार समाजवादी पार्टी ने आगे बढ़ते हुए पहले ही रविदास मेहरोत्रा को प्रत्याशी ऐलान कर दिया है। अब देखना ये होगा कि क्या कांग्रेस इन्हें समर्थन देती है फिर कोई और फैसला लेगी। सपा ने कुछ पुराने सांसदों को भी टिकट दिया है, इसमें सबसे चर्चित नाम संभल के सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का है, जो इस समय सबसे उम्र दराज सांसद हैं। बर्क की छवि एक कट्टर मुस्लिम नेता वाली रही है। वह अयोध्या में रामलला के मंदिर के निर्माण से लेकर इसको लेकर दिये गये सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर भी सवाल खड़ा करने में सबसे आगे रहे थे। मोदी के कट्टर विरोधी बर्क पर एक बार फिर अखिलेश ने भरोसा जताया है। डॉ शफीकुर्रहमान बर्क पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बड़े मुस्लिम नेता के रूप में जाने जाते हैं। वे पांच बार के सांसद और चार बार विधायक रहे हैं। बर्क 2019 में सपा के टिकट पर संभल लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर सदन पहुंचे थे। चार बार के विधायक डॉ. बर्क ने 1996 में सपा के टिकट पर पहली बार लोकसभा का चुनाव जीता था। हालांकि, 2009 में वे मायावती की बसपा के टिकट पर जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। वह पहली बार 1974 में बीकेडी के टिकट पर संभल से विधायक बने थे। 1996 में सपा उम्मीदवार के तौर पर मुरादाबाद से लोकसभा सांसद बने डॉ. बर्क की पश्चिमी यूपी की राजनीति पर पकड़ के कारण ही अखिलेश उन्हें नजरअंदाज नहीं कर पा रहे हैं। डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क वर्ष 2014 में पहली मोदी लहर में जरूर चुनाव हार गये थे। उन्हें भारतीय जनता पार्टी के हाथों हार का सामना करना पड़ा। यह पहला मौका था जब उन्हें संभल सीट से हार झेलनी पड़ी थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सत्यपाल सिंह ने सपा के कद्दावर नेता को 5174 वोटों से मात दी थी। इस चुनाव में सत्यपाल सिंह को 3,60,242 वोट मिले थे। वहीं, डॉ. बर्क 3,55,068 वोट हासिल कर पाए थे। इस चुनाव में बसपा तीसरे स्थान पर रही थी। वर्ष 2019 के चुनाव में सपा–बसपा गठबंधन का फायदा डॉ. बर्क को मिला। इस चुनाव में डॉ. बर्क 6,58,006 और भाजपा के परमेश्वर राव सैनी को 4,83,180 वोट मिले थे। डॉ. बर्क ने मोदी–योगी लहर के बाद भी 1,74,826 वोटों से जीत दर्ज कर अपनी सीट पर दोबारा कब्जा जमाया था।

# गठबंधन बिखरने का जिम्मेदार कौन ?

अजीत द्विवेदी

भाजपा की तरह तो नहीं लेकिन उससे मिलती जुलती एक साइबर आर्मी कांग्रेस के पास भी है। कांग्रेस के पास भी एक इकोसिस्टम है, जिसमें पारंपरिक रूप से भाजपा और संघ विरोधी लोगों की बड़ी संख्या है। ये सब लोग हर स्थिति में उसी तरह से कांग्रेस के बचाव या समर्थन में उतरते हैं, जैसे भाजपा के इकोसिस्टम के लोग भाजपा का समर्थन और बचाव करते रहते हैं। इन दोनों पार्टियों के मुकाबले अन्य पार्टियों के पास ऐसी कोई साइबर आर्मी या इकोसिस्टम नहीं है। आम आदमी पार्टी को एक अपवाद मान सकते हैं। तभी जब विपक्षी गठबंधन श्इंडियाश् में बिखराव शुरू हुआ तो केंद्रीय पार्टी कांग्रेस की भूमिका पर सवाल उठाने की बजाय सबने नीतीश कुमार और ममता बनर्जी को निशाना बनाना शुरू किया। कहीं कहीं आम आदमी पार्टी भी निशाने पर आई तो कहीं कम्युनिस्ट पार्टियों पर हमला हुआ। लेकिन सवाल है कि क्या विपक्षी गठबंधन नहीं बना या बनने से पहले ही बिखरता दिख रहा है तो उसके लिए प्रादेशिक पार्टियों के नेता ही जिम्मेदार हैं या कांग्रेस की भी कोई जिम्मेदारी बनती है?

बड़ा सवाल यह है कि गठबंधन की केंद्रीय पार्टी के तौर पर क्या कांग्रेस को पहल अपने हाथ में नहीं रखनी चाहिए थी? उसने क्यों गठबंधन की जिम्मेदारी आउटसोर्स की थी? पहले शरद पवार गठबंधन बनाने की कोशिश करते रहे। फिर ममता बनर्जी और के चंद्रशेखर राव ने इसका प्रयास किया। अरविंद केजरीवाल ने भी एक समय इसकी कोशिश की और अंत में नीतीश कुमार ने सफल प्रयास किया। नीतीश पिछले साल अप्रैल में इस सिलसिले में पहली बार मल्लिकार्जुन खडगे और राहुल गांधी से मिले थे। तब तक खबर थी कि राहुल के मन में नीतीश को लेकर नाराजगी है क्योंकि 2015 में गठबंधन के साथ लडने के बाद वे राजद और कांग्रेस को छोड़ कर भाजपा में चले गए थे। अब भी यह कहा जा रहा है कि कांग्रेस को नीतीश पर पहले से भरोसा नहीं था। खडगे ने तो यहां तक कि उनको पहले ही पता चल गया था कि नीतीश गठबंधन छोड़ेंगे। अब सवाल है कि जब पहले ही पता चल गया था या भरोसा नहीं था तो उनको साथ बैठा कर बात करने का क्या मतलब था?

नीतीश कुमार जब गठबंधन का प्रस्ताव लेकर दिल्ली पहुंचे थे और खडगे व राहुल से मिले थे तब दोनों ने उनके प्रयास का समर्थन किया था। कांग्रेस ने न सिर्फ उनके प्रयास का समर्थन किया, बल्कि उनके तय किए गए राजनीतिक एजेंडे को अपनाया था। जाति गणना और आरक्षण की सीमा बढ़ाना नीतीश कुमार का आइडिया था, जिस पर राहुल गांधी कर्नाटक का विधानसभा चुनाव लड़े। उन्होंने नीतीश के एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए प्रेस कांफ्रेंस में पूछना शुरू किया कि इसमें कितने ओबीसी हैं या यह बताना शुरू किया कि देश के 90 सचिवों में सिर्फ तीन सचिव ओबीसी हैं या यह नारा दिया कि श्जितनी आबादी उतना हकश्। सोचें, जब नीतीश पर भरोसा नहीं था तब तो उनको गठबंधन बनाने की जिम्मेदारी दी गई, उनके राजनीतिक एजेंडे को चुनावी मुद्दा बनाया गया और उनकी पहल पर पटना में पहली बैठक हुई। इसका मतलब है कि भरोसा नहीं होने वाली बात बाद में जोड़ी गई है।

बड़ी और गठबंधन की केंद्रीय पार्टी होने के नाते यह कांग्रेस की जिम्मेदारी बनती थी कि वह सभी पार्टियों को वैचारिक और राजनीतिक रूप से बांध कर रखे। इसके लिए जरूरी था कि पहली या दूसरी बैठक में ही संगठन का ढांचा बनता, संयोजक व अध्यक्ष नियुक्त किए जाते, न्यूनतम साझा कार्यक्रम तय होता और सबसे जरूरी सीटों का बंटवारा होता। ध्यान रहे नीतीश कुमार और ममता बनर्जी दोनों ने एक सितंबर को मुंबई में हुई बैठक में सीट बंटवारे पर जोर दिया था और 31 अक्टूबर तक की अघोषित समयसीमा भी तय की गई थी। नीतीश ने बैठक में कहा था कि गठबंधन में सबसे पेचीदा मामला सीट बंटवारे का है इसलिए पहले उसे निपटाया जाए। लेकिन कांग्रेस ने इस पर चुप्पी साध ली। कांग्रेस की



रणनीति यह थी कि साल के अंत में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव तक इसे टाला जाए क्योंकि उसमें कांग्रेस को अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद थी। अगर वह तीन राज्यों में सरकार बना लेती तो मोलभाव की क्षमता बढ़ जाती। तब वह ज्यादा मजबूती से सीटों के लिए मोलभाव करती। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। कांग्रेस सिर्फ एक राज्य में जीत पाई।

जब विधानसभा चुनाव के नतीजे आने लगे तब कांग्रेस के हाथ पैर फूले और सारे नतीजे आने से पहले ही कांग्रेस ने विपक्षी पार्टियों को बैठक का न्योता भेजना शुरू कर दिया, जिसे सबने ठुकरा दिया। जाहिर है सबने कांग्रेस की होशियारी भांप ली थी। इसलिए बाद में बैठक के लिए 19 दिसंबर की तारीख तय हुई। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। ममता बनर्जी ने अकेले लडने का मन बना लिया था तो नीतीश कुमार ने गठबंधन बदलने का फैसला कर लिया था। यह सबको पता है कि ज्यादातर प्रादेशिक पार्टियों के नेता इस उम्मीद में गठबंधन से जुड़े थे कि सब मिल कर लड़ेंगे तो भाजपा की सीटें कम कर देंगे और तब इधर या उधर के गठबंधन में बड़ी भूमिका मिल सकता है। त्रिशंकु लोकसभा की स्थिति में सर्वोच्च पद मिलने की भी उम्मीद कई नेता लगाए हुए थे। लेकिन हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में भाजपा की जीत और कांग्रेस की हार ने उनका मनोबल तोड़ दिया। पहले गठबंधन फाइनल करने और सीट बंटवारे में हुई देरी से निराशा था और ऊपर से दिसंबर के पहले हफ्ते में आए चुनाव नतीजे ने नेताओं को और निराश किया। भाजपा को टक्कर देने की उम्मीद टूटी तो सब अपने अपने रास्ते तलाशने लगे।

इसलिए किसी एक नेता या एक पार्टी को जिम्मेदार ठहरा कर उसके ऊपर ठीकरा फोडने से किसी को कुछ हासिल नहीं होने वाला है। यह सही है कि नीतीश कुमार का विपक्षी गठबंधन छोड़ कर भाजपा में जाना एक बड़ा झटका है। लेकिन कांग्रेस की भूमिका पर भी चर्चा होनी चाहिए, जिसने पहले दिन से गठबंधन को खुले दिल से नहीं अपनाया था। लेफ्ट पार्टियों की भी भूमिका की समीक्षा होनी चाहिए, जिनको भाजपा को हराने के लिए वैचारिक प्रतिबद्धता व समर्पण सबसे चाहिए लेकिन अपने असर वाले राज्य में किसी से समझौता मंजूर नहीं है और न किसी खास नेता के प्रति अपनी निजी खुन्नस छोडनी है। ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल ने गठबंधन के अंदर रह कर जैसी राजनीति की उस पर भी बात होनी चाहिए। ममता ने बैठक में अचानक खडगे का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए क्यों सुझाया और क्यों केजरीवाल ने उसका समर्थन किया, इसकी व्याख्या होगी तब पता चलेगा कि कैसे गठबंधन के अंदर गठबंधन कैसे काम कर रहा था, जिसने एकजुट होकर भाजपा से लडने की संभावनाओं को कमजोर किया। सपा के साथ तो कांग्रेस ने कुछ मसला निपटाया है लेकिन शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट का मामला अब भी उलझा है। सो, ऐसा लग रहा है कि भानुपति का कुनबा जोडने की कोशिश हुई थी, जिसमें वक्ती तौर पर कामयाबी मिली थी लेकिन वह कामयाबी टिकाऊ साबित नहीं हुई। एकाध नई पार्टियों को छोड़ दें तो कुल मिला कर कांग्रेस के पास वहीं पुरानी यूपीए वाली पार्टियां बची हैं, जिनके साथ मिल कर उसे चुनाव लडना होगा।

## आज का राशिफल

मेष राशि–आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज नौकरी अथवा व्यवसाय में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें दूसरों के भरोसे काम नहीं छोड़ें। किसी से लिए रुपये को जल्द से जल्द चुकता करेंगे। अपने वैवाहिक जीवन को आज खास बनाएंगे। मानसिक रूप से किसी बात को अधिक सोंच सकते हैं। आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, आज फैमिली के साथ बाहर खाना खाने का प्लान बनाएंगे।

वृष राशि–आज का दिन आपके लिए स्पेशल रहेगा। दांपत्य रिश्ते में चल रही अनबन आज खत्म होगी, एक–दूसरे के साथ रिश्ते की नई शुरुआत करेंगे। बच्चे आज बेहद खुश रहेंगे, उनकी डिमांड आज माता–पिता पूरी करेंगे। जो लोग प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे है, वे अपने लक्ष्य पर ध्यान दें जल्द ही सफलता के योग हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से देखा जाए तो आज आप फिट रहेंगे। आज आपको कोई कंपनी बड़े प्रोजेक्ट के लिए हायर कर सकती है।

मिथुन राशि– आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। ऑफिस के रुके कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज शांत मन से कोई भी निर्णय लेना बेहतर रहेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज बेटे की किसी परीक्षा का रिजल्ट उनके हक में आएगा। शुगर की समस्या से परेशान लोग आज अपने खान–पान पर परहेज रखें। सोना–चांदी के व्यापारियों को आज अच्छा लाभ होगा। है, करियर को बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों से सलाह मिलेगी।

कर्क राशि–आज आपका दिन बढिया रहेगा। आपके निजी जीवन की जिम्मेदारियां बढेंगी, जिन्हें आप बखूबी पूरा करेंगे। आपका किसी बिजनेस मीटिंग में परफॉर्मेंस अच्छा रहेगा और आस पास के लोग आपसे प्रभावित होंगे जिससे आपको बहुत बड़ा फायदा भी होगा। आज किसी काम में उलझने से अच्छा है किसी बड़े की सहायता ले लें। पारिवारिक जीवन में सौहार्द बढ़ेगा। आज संतान पक्ष से आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है।

सिंह राशि– आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज अपने आर्थिक पक्ष को देखते हुए खर्च करेंगे। आज आपको कोर्ट कचहरी के मामलों से बचकर रहने की जरुरत है। आपको अपने कार्यस्थल पर प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। आज आपको उम्मीद से कई गुना ज्यादा लाभ होगा। आपको कोई अच्छी नौकरी जल्द मिलेगी। आज आपकी समस्याएं खत्म होंगी।

कन्या राशि– आज आपका दिन मिला–जुला रहने वाला है। दोस्तों के साथ मिलजुल कर रहें। जरुरत पडने पर आपको मदद लेनी पड़ सकती है। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर बनेगी। काफी समय से सोंची कोई चीज आज खरीद सकते हैं। आप अपने खाली समय का सदुपयोग नई चीजें सीखने में करें, जो आपकी उन्नति में योगदान देगा। छात्रों को आज अपनी पढ़ाई पर ध्यान देने की जरुरत है। जीवनसाथी के साथ आज आप शॉपिंग करने जाएंगे।

तुला राशि–आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज हैवी ट्रैफिक की वजह से आपको ऑफिस के लिए लेट हो सकता है। आय की तुलना में व्यय की मात्रा अधिक रहेगी। आज आपके विचारों में सकारात्मक बदलाव आएगा। आज इलेक्ट्रॉनिक चीजों या मशीनरी पर खर्च आदि की संभावना अधिक रहेगी। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। जिस भी कार्य को करने को सोचेंगे उसमे सफलता जरुर मिलेगी। पिता आपके जिम्मेदार व्यक्तित्व को देखकर गर्व महसूस करेंगे। इस राशि के लवमेट आज मनपसंद जगह घूमने जाएंगे।

वृश्चिक राशि–आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपकी इनकम के हिसाब से खर्चे बढ़ेंगे। कार्यों में आ रही रुकावटें आज समाप्त होंगी। आज माता–पिता के स्वास्थ्य का ध्यान देने की जरुरत है। आज बच्चे अपने मन की बात माता से शेयर करेंगे, तो उनको अपनी परेशानी का हल मिल जाएगा। जिससे उनका मन काफी खुश होगा। पारिवारिक सुखों में वृद्धि होगी। काम के प्रति आपकी रूचि बढ़ेगी। जीवनसाथी से रिश्ते में आपसी तालमेल बनाए रखें।

धनु राशि–आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पूरी ऊर्जा के साथ काम करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञ सामाजिक कार्यों में रूचि लेंगे। कोई नई शुरुआत करने अथवा नौकरी में परिवर्तन के मामले में आप गंभीरता से विचार करेंगे। आज दोस्तों के साथ किसी रेस्टोरेंट जाने का प्लान बनेगा। स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं आज खत्म होंगी। वाहन आदि लेने के सुखों का योग है। संतान पक्ष की उन्नति से घर में उत्साह बढ़ेगा। दांपत्य रिश्ते में सौहार्द बढ़ेगा।

मकर राशि–आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। बड़े भाई की सहायता से काम को जल्द और आसानी से पूरा कर लेंगे। आपके घर के वातावरण में सुख समृद्धि बढ़ेगी। प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री से जुड़ा काम आज फाइनल हो जाएगा। आपकी अधिक इनकम से आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जो आपके व्यापार में लाभ कराएगा। लवमेट अपने रिश्ते की बात घरवालों से करेंगे, घर वाले इसपर विचार विमर्श करेंगे। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जो आपके व्यापार में लाभ कराएगा।

कुंभ राशि– आज आपका दिन बढिया रहेगा। आज कुछ नया करने की सोचेंगे। अगर आप प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो मेहनत करते रहें। आपको सफलता जरुर मिलेगी। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। स्वास्थ्य के नजरिए से आज का दिन ऊर्जा से भरा रहेगा। बुजुर्गों का मन बहलाने के लिए उन्हें बाहर घुमाने ले जाएंगे। अगर आपके रिश्ते की बात कहीं चल रही है तो जल्द फिक्स होने की खुशखबरी मिलेगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।


मीन राशि–आज आपका दिन मिली जुली प्रतिक्रिया से भरा रहेगा। आज किसी बात से आप बेहद खुश होंगे। सिंगर्स को किसी एल्बम की प्रसिद्धि के लिए सम्मानित किया जाएगा। अगर आप कोई प्रेजेंटेशन तैयार कर रहे हैं, तो ध्यान पूर्वक करें। इस राशि के लोगों को काम के साथ स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना चाहिए। सिविल इंजीनीयर्स को आज बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिल सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। व्यापारिक क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

विजडम इण्डिया R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, गुरूवार 01 फरवरी 2024
sheelshukla100@gmail.com


# व्यासजी का तहखाना क्या है ? वाराणसी अदालत ने जहां दी पूजा की अनुमति

हिंदू पक्ष को श्व्यास का तेखानाश में पूजा करने की इजाजत दी गई. हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा, जिला प्रशासन को 7 दिनों के भीतर व्यवस्था करनी होगी। अदालत का फैसला मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी (एआईएमसी) के खिलाफ शैलेन्द्र कुमार पाठक व्यास द्वारा दायर एक मुकदमे के जवाब में आया ।वाराणसी की एक अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में दक्षिणी तरफ के तहखाने, जिसे श्व्यासजी का तहखानाश भी कहा जाता है, में पूजा करने की अनुमति दे दी। अदालत ने जिला प्रशासन से अगले सात दिनों में वादी और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा नामित पुजारी द्वारा की जाने वाली मूर्तियों की पूजा के लिए आवश्यक व्यवस्था करने को कहा है। यह आदेश जिला अदालत के न्यायाधीश ए के विश्वेश ने दिया। हिंदू पक्ष को श्व्यास का तेखानाश में पूजा करने की इजाजत दी गई. हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा, जिला प्रशासन को 7 दिनों के भीतर व्यवस्था करनी होगी। अदालत का फैसला मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी (एआईएमसी) के खिलाफ शैलेन्द्र कुमार पाठक व्यास द्वारा दायर एक मुकदमे के जवाब में आया।

मस्जिद के तहखाने में चार शतहखानेश (तहखाने) हैं जिनमें से एक अभी भी व्यास परिवार के कब्जे में है जो यहां रहते थे। शैलेन्द्र कुमार पाठक व्यास ने



मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के खिलाफ मुकदमा दायर किया और अदालत से जिला मजिस्ट्रेट को तहखाने का रिसीवर नियुक्त करने का आग्रह किया। याचिका के अनुसार, पुजारी सोमनाथ व्यास 1993 तक वहां पूजा–अर्चना करते थे, जब अधिकारियों ने तहखाने को बंद कर दिया था। व्यास ने याचिका दायर की थी कि, सोमनाथ व्यास के नाना के रूप में, उन्हें तहखाना में प्रवेश करने और पूजा फिर से शुरू करने की अनुमति दी जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि मस्जिद समिति के लोग तहखाने में आते रहते हैं और वे इस पर कब्जा कर सकते हैं, इस आरोप को एआईएमसी के वकील अखलाक अहमद ने निराधार बताते हुए खारिज कर दिया।

# नक्सली अपने खिलाफ सरकार की लड़ाई तेज होने की वजह से हताश हैं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय का बयान

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को कहा कि नक्सली हताश हो गए हैं क्योंकि भारतीय जनता पार्टी की ''डबल इंजन'' सरकार ने नक्सली समस्या के खिलाफ लड़ाई तेज कर दी है।

जगदलपुर। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में माओवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान सीआरपीएफ के तीन जवान शहीद हो गए और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस महानिरीक्षक (बस्तर रेंज) सुंदरराज पी ने कहा कि यह घटना टेकलगुडेम गांव के पास उस समय हुई जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। अब इस पर मुख्यमंत्री ने भी अपना बयान जारी किया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को कहा कि नक्सली हताश हो गए हैं क्योंकि भारतीय जनता पार्टी की ''डबल इंजन'' सरकार ने नक्सली समस्या के खिलाफ लड़ाई तेज कर दी है। राज्य के सुकमा और बीजापुर जिलों की सीमा पर मंगलवार को नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में जान गंवाने वाले, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के तीन जवानों को साय ने बुधवार को श्रद्धांजलि दी। इस घटना में 15 सुरक्षा कर्मी घायल भी हुए हैं। मुठभेड़ में जान गंवाने वाले जवानों को बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर के करणपुर गांव में सीआरपीएफ की कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रिजॉल्यूट एक्शन) इकाई की 201वीं बटालियन के शिविर में श्रद्धांजलि दी गई। दिवंगत जवानों को श्रद्धांजलि देने के बाद साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में उनकी पार्टी के सत्ता में आने के बाद 'डबल इंजन' (राज्य और केंद्र में भाजपा)सरकार बनी है, इसलिए नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई तेज कर दी गई है, जिससे वे हताश हो गए हैं। उन्होंने कहा ''तेकालगुडेम में, कल एक नया शिविर स्थापित किया गया था और अचानक



नक्सलियों ने सुरक्षाकर्मियों पर हमला कर दिया। लेकिन हम लड़ाई जारी रखेंगे। मैंने कल (राज्य की राजधानी) रायपुर में दो अस्पतालों में जाकर घायल जवानों से मुलाकात की। उन्होंने साहसपूर्वक मुकाबला किया और उनका मनोबल ऊंचा है। मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।'' साय ने कहा कि पुलिस शिविरों की स्थापना कर उनकी सरकार अपनी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना चाहती है। उन्होंने कहा, ''हम उन्हें अंदरूनी इलाकों में पक्के घर, बिजली आपूर्ति और अन्य सुविधाएं मुहैया कराना चाहते हैं।'' मंगलवार को मुठभेड़ में जान गंवाने वाले तीन सुरक्षाकर्मियों में से कांस्टेबल देवन सी और पवन कुमार कोबरा की 201वीं बटालियन से थे और कांस्टेबल लंबघर सिन्हा सीआरपीएफ की 150वीं बटालियन से थे। सभी घायल जवान कोबरा की 201वीं बटालियन के हैं। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा और सीआरपीएफ और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी दिवंगत जवानों को श्रद्धांजलि दी। शर्मा के पास गृह विभाग का भी प्रभार है।

# तोशखाना भ्रष्टाचार मामला क्या है, जिसमें इमरान को हुई 14 साल की जेल, मुर्गे जलाकर पति को बचाने की बुशरा ने की थी कोशिश

तोशखाना नियम राज्य के खजाने से उपहारों से संबंधित कहते हैं कि सरकारी अधिकारियों को तब तक उपहार रखने की अनुमति है जब तक वे उनके लिए कीमत चुकाते हैं। हालाँकि, उपहार पहले जमा किए जाने चाहिए। तोसाखाना कैबिनेट डिवीजन के अंतर्गत एक विभाग है जो सभी सार्वजनिक अधिकारियों को मिले उपहारों और महंगी चीजों को रखता है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी को सरकारी उपहारों की अवैध बिक्री से संबंधित एक मामले में 14 साल जेल की सजा सुनाई गई है। खान पर प्रधानमंत्री रहते हुए महंगे सरकारी उपहार अपने पास रखने का आरोप लगाया गया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामाबाद में भ्रष्टाचार विरोधी अदालत द्वारा जारी



फैसले में यह भी कहा गया है कि दंपति को अगले 10 वर्षों के लिए सार्वजनिक पद संभालने के लिए अयोग्य ठहराया जाएगा। उन पर प्रत्येक पर ‰787 मिलियन का जुर्माना भी लगाया गया है। यह सजा 71 वर्षीय खान और उनकी पार्टी के उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरेशी को आधिकारिक रहस्यों का खुलासा करने के लिए मंगलवार को 10 साल की जेल की सजा मिलने के एक दिन बाद आई। खान की मीडिया टीम ने कहा कि हमारी न्यायिक प्रणाली के इतिहास में एक और दुखद दिन, जिसे खत्म किया जा रहा है। किसी भी प्रकार के जिरह की अनुमति नहीं है, कोई अंतिम तर्क समाप्त नहीं होता है और निर्णय खेल में पूर्व–निर्धारित प्रक्रिया की तरह सामने आता है। इस हास्यास्पद फैसले को भी चुनौती दी जाएगी। तोशखाना नियम राज्य के खजाने से उपहारों से संबंधित कहते हैं कि सरकारी अधिकारियों को तब तक उपहार रखने की अनुमति है जब तक वे उनके लिए कीमत चुकाते हैं। हालाँकि, उपहार पहले जमा किए जाने चाहिए। तोसाखाना कैबिनेट डिवीजन के अंतर्गत एक विभाग है जो सभी सार्वजनिक अधिकारियों को मिले उपहारों और महंगी चीजों को रखता है। नियम कहते हैं कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति 30,000 पीकेआर से कम कीमत वाले उपहार अपने पास रख सकते हैं। सार्वजनिक अधिकारी अन्य उपहारों को बनाए रखने के लिए उपहार के मूल्य का 50 प्रतिशत, जिसे खान ने 2018 में 20 प्रतिशत से अद्यतन किया था, उसका भुगतान भी कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया थ कि इमरान सरकार बचाने के लिए बुशरा ने अपने घर में जिंदा मुर्गे जलाए।

# बीजेपी से मिलन के बाद ललन सिंह पर राहुल गांधी पर बड़ा वार, बोले– आप पप्पू हैं, पप्पू ही रहेंगे और देश का मनोरंजन करते रहेंगे

ललन सिंह ने एक एक्स पोस्ट में लिखा कि राहुल गांधी, आपने कहा है कि आपके दबाव में बिहार में जाति आधारित गणना करवाई गई। इतना बड़ा असत्य हो ही नहीं सकता। शायद आपको पता नहीं है कि नीतीश कुमार, कभी किसी के दबाव में काम नहीं करते हैं। जनता दल (यूनाइटेड) के नेता और लोकसभा सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ घ्घ्घ्ललन सिंह ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला, जिनकी श्भारत जोड़ो न्याय यात्राश बिहार से गुजरी। सिंह ने गांधी पर बिहार में हुई जाति आधारित जनगणना पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए उन्हें श्पप्पूश कहा। गांधी पर यह हमला जद (यू) प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महागठबंधन को छोड़ने और भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में शामिल होने के तीन दिन बाद आया है, जिससे महत्वपूर्ण लोकसभा चुनावों से पहले नवगठित इंडिया गुट को झटका




लगा है। ललन सिंह ने एक एक्स पोस्ट में लिखा कि राहुल गांधी, आपने कहा है कि आपके दबाव में बिहार में जाति आधारित गणना करवाई गई। इतना बड़ा असत्य हो ही नहीं सकता। शायद आपको पता नहीं है कि नीतीश कुमार, कभी किसी के दबाव में काम नहीं करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जाति आधारित गणना, नीतीश कुमार का निश्चय था और यह मुद्दा नीतीश कुमार ने स्वर्गीय वी. पी. सिंह जी के प्रधानमंत्रित्व काल में भी उठाया था, जब आपका राजनीतिक उदय भी नहीं हुआ था। तंज भरे लहजे में कहा कि आपकी तो हालत यह है कि बेंगलुरु और मुंबई की बैठक में जब जनता दल (यूनाइटेड) की तरफ से प्रस्ताव पास करने को कहा गया, तब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसका विरोध किया और आपने मौन रहकर उनका समर्थन किया। अपना हमला जारी रखते हुए ललन सिंह ने कहा कि देश की राजनीति में कुछ पाने के लिए असत्य कथन का सहारा मत लीजिए। यही कारण है कि आपकी कांग्रेस पार्टी दिनों–दिन सिकुड़ती जा रही है ।अगर असत्य का सहारा लीजिएगा तो प्रधानमंत्री बनने का आपका सपना कभी पूरा नहीं हो पाएगा। उसके साथ ही उन्होंने कहा कि एक बात और, आप 'पप्पू' हैं, 'पप्पू' ही रहेंगे और अपनी 'चुटकुलेबाजी' से देश का 'मनोरंजन' करते रहेंगे। इससे पहले राहुल गांधी ने जातीय जनगणना को लेकर क्रेडिट लेने की कोशिश की थी। इसी पर नीतीश कुमार ने राहुल गांधी पर पलटवार किया। नीतीश ने कहा कि क्या वह भूल गये कि जातीय जनगणना कब हुई थी? मैंने इसे 9 पार्टियों की मौजूदगी में आयोजित किया।श उन्होंने कहा कि 2019–2020 में विधानसभा से लेकर सार्वजनिक बैठकों तक हर जगह जाति जनगणना कराने की बात करूंगा... वह फर्जी क्रेडिट ले रहा है, मैं क्या कर सकता हूं? जाने भी दो। /तैनसळंदकीप जी, आपने कहा है कि आपके दबाव में बिहार में जाति आधारित गणना करवाई गई। इतना बड़ा असत्य हो ही नहीं सकता। शायद आपको पता नहीं है कि नीतीश कुमार जी, कभी किसी के दबाव में काम नहीं करते हैं।

# निर्माण के विरोध में रखा था 3 दिन का व्रत, सनातन के खिलाफ लिखे अपशब्द

आरडब्ल्यूए ने पत्र में कहा कि उन निवासियों ने उनसे संपर्क किया था जो चिंतित थे कि सुरन्या अय्यर के कार्यों और बयानों से समुदाय के भीतर शांति और सद्भाव बिगड़ सकता है और धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की बेटी सुरन्या अय्यर को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की निंदा करने वाली उनकी सोशल मीडिया पोस्ट के बाद दिल्ली के जंगपुरा इलाके के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने सोसायटी छोड़कर जाने के लिए कहा है। आरडब्ल्यूए का नोटिस सुरन्या अय्यर द्वारा मंदिर की प्रतिष्ठा के विरोध में 20 से 23 जनवरी तक तीन दिवसीय उपवास करने, मुस्लिम नागरिकों के साथ एकजुटता व्यक्त करने और हिंदू धर्म और राष्ट्रवाद के नाम पर किए गए कृत्यों की निंदा करने के बाद आया है। क्या अय्यरों को अपना रुख बरकरार रखना चाहिए, आरडब्ल्यूए ने सुझाव दिया कि वे एक ऐसे समुदाय में स्थानांतरित होने पर विचार करें जहां ऐसे विचारों को नजरअंदाज किया जा सकता है। यदि आप अभी भी सोचते हैं कि आपने अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिष्ठा के विरोध में क्या किया है, तो हम आपको सुझाव देंगे कि कृपया किसी अन्य कॉलोनी में चले जाएं, जहां के लोग और आरडब्ल्यूए इस तरह की नफरत से आंखें मूंद सकते हैं। एक फेसबुक वीडियो में सुरन्या अय्यर ने कहा कि जिस आरडब्ल्यूए की बात हो रही है, वह उस कॉलोनी से जुड़ी नहीं है, जहां



वह रहती हैं। अय्यर ने अपने सोशल मीडिया बयानों के अलावा इस मामले पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, और लोगों से राय बनाने से पहले उनका पूरा वीडियो देखने का आग्रह किया। आरडब्ल्यूए ने पत्र में कहा कि उन निवासियों ने उनसे संपर्क किया था जो चिंतित थे कि सुरन्या अय्यर के कार्यों और बयानों से समुदाय के भीतर शांति और सद्भाव बिगड़ सकता है और धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं। आरडब्ल्यूए ने कहा कि सुश्री अय्यर ने सोशल मीडिया के माध्यम से जो कहा वह निश्चित रूप से एक शिक्षित व्यक्ति के लिए नहीं था। आरडब्ल्यूए ने उन्हें यह भी याद दिलाया कि भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पूर्ण नहीं है और घृणास्पद भाषण अस्वीकार्य है।

# पीसी कांग्रेस ने भाजपा में अपनी पार्टी का किया विलय, बोले– पीएम मोदी ही केरल को बचा सकते हैं


विधायक ने कहा कि पिछली बार तिरुवनंतपुरम और कासरगोड में यही हुआ था। इसे खघ्त्म करना होगा। पीएम नरेंद्र मोदी की कृपा से ही केरल को बचाया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने कहा कि क्योंकि उन्हें पीएम मोदी पर भरोसा है इसलिए वह केरल में अपनी पार्टी का बीजेपी में विलय करने को तैयार हो गए हैं। केरल के सात बार के विधायक पीसी जॉर्ज की केरल जनपक्षम (सेक्युलर) का 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले नई दिल्ली में भाजपा में विलय हो गया। भाजपा में पार्टी के विलय के बाद पीसी जॉर्ज ने कहा कि हम पहले ही बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। केरल में यूडीएफ और एलडीएफ शासन कर रहे हैं। वे दोनों वहां शरारत कर रहे हैं। पूरी गरीबी है। लोग वहां से भाग रहे हैं।




इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस साल लगभग 85,000 लोग विदेश गए हैं। भाजपा उम्मीदवार को हराने के लिए एलडीएफ यूडीएफ को और यूडीएफ एलडीएफ को वोट देगा। ये व्यापार चल रहा है। विधायक ने कहा कि पिछली बार तिरुवनंतपुरम और कासरगोड में यही हुआ था। इसे खघ्त्म करना होगा। पीएम नरेंद्र मोदी की कृपा से ही केरल को बचाया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने कहा कि क्योंकि उन्हें पीएम मोदी पर भरोसा है इसलिए वह केरल में अपनी पार्टी का बीजेपी में विलय करने को तैयार हो गए हैं। मंत्री ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि भाजपा के भीतर काम करते हुए वह भाजपा के पदचिह्न का विस्तार करेंगे, और आगामी लोकसभा चुनावों में केरल के लोग संसद में केरल का प्रतिनिधित्व करने के लिए कम से कम 5 लोगों को भेजेंगे और राज्य को बदलने के लिए पीएम के साथ काम करेंगे। बीजेपी के अनिल एंटनी ने कहा कि यह तो केवल शुरुआत है। समय के साथ आप अधिक से अधिक स्थापित राजनीतिक नेताओं और युवा राजनेताओं को भाजपा का समर्थन करते हुए देखेंगे। और हर राज्य की तरह केरल में भी आप बीजेपी की निर्णायक बढ़त देखेंगे। केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने कहा कि उनके नेतृत्व में, केरल जनपक्षम भाजपा में आने वाले चुनावों में पीएम मोदी का समर्थन करने वाली ताकतों को मजबूत करेगा। केरल में पीएम मोदी और बीजेपी के समर्थन में एक बड़ा समर्थन समूह होगा।

# राहुल गांधी की कार में तोड़फोड़ पर बोलीं ममता बनर्जी, यह बंगाल में नहीं, बिहार के कटिहार में हमला हुआ

आपको बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कार की पिछली खिड़की बुधवार को उस समय टूट गई जब बिहार से राज्य में प्रवेश कर रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा को देखने के लिए हजारों लोग पश्चिम बंगाल के मालदह जिले के लाभा ब्रिज पर जमा हो गए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कार में कथित तोड़फोड़ पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना बिहार में हुई, न कि बंगाल में, जैसा कि कांग्रेस ने दावा किया है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया कि राहुल की कार पर पथराव किया गया। मैंने घटना की जानकारी ली। मुझे ऐसी चीजें पसंद नहीं हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ये बंगाल में नहीं बल्कि बिहार के कटिहार




में हुआ। वे टूटे शीशे (विंडस्क्रीन) के साथ बंगाल में दाखिल हुए। ।क्टम्त्जैम्डम्छज्आपको बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कार की पिछली खिड़की बुधवार को उस समय टूट गई जब बिहार से राज्य में प्रवेश कर रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा को देखने के लिए हजारों लोग पश्चिम बंगाल के मालदह जिले के लाभा ब्रिज पर जमा हो गए। जब यह घटना हुई तब राहुल बस में थे, कांग्रेस नेताओं ने इसे सुरक्षा चूक बताते हुए हंगामा किया। मालदा (पश्चिम बंगाल) में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की कार को हुए नुकसान पर कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि हो सकता है कि भीड़ के बीच पीछे से किसी ने पत्थर फेंक दिया हो...पुलिस बल उस पर ध्यान नहीं दे रहा है। नजरअंदाज करने से बहुत कुछ हो सकता है। ये छोटी सी घटना है लेकिन कुछ हो भी सकता था। उन्होंने आरोपल लगाया कि सभी पुलिसकर्मी आज मालदह में होने वाली ममता बनर्जी की रैली में व्यस्त हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि इस घटना के पीछे भाजपा और नीतीश कुमार की जदयू का हाथ हो सकता है। उन्होंने कहा, ष्मैं इस घटना की निंदा करती हूं। बीजेपी और नीतीश को गुस्सा हो सकता है क्योंकि उन्होंने हाल ही में एक साथ गठबंधन किया है।ष् बुधवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी जिस कार से यात्रा कर रहे थे, उसकी विंडस्क्रीन तोड़ दी गई। कांग्रेस ने दावा किया कि यह घटना यात्रा के बंगाल चरण के दौरान हुई। यह हमला मालदा के हरिश्चंद्रपुर इलाके में तब हुआ जब यात्रा ने बिहार से पश्चिम बंगाल में दोबारा प्रवेश किया।

# व्यासजी का तहखाना क्या है ? वाराणसी अदालत ने जहां दी पूजा की अनुमति

हिंदू पक्ष को श्व्यास का तेखानाश में पूजा करने की इजाजत दी गई. हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा, जिला प्रशासन को 7 दिनों के भीतर व्यवस्था करनी होगी। अदालत का फैसला मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी (एआईएमसी) के खिलाफ शैलेन्द्र कुमार पाठक व्यास द्वारा दायर एक मुकदमे के जवाब में आया ।वाराणसी की एक अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में दक्षिणी तरफ के तहखाने, कहा जाता है, में पूजा करने की अनुमति दे दी। अदालत ने जिला प्रशासन से अगले सात दिनों में वादी और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा नामित पुजारी द्वारा की जाने वाली मूर्तियों की पूजा के लिए आवश्यक व्यवस्था करने को कहा है। यह आदेश जिला अदालत के न्यायाधीश ए के विश्वेश ने दिया। हिंदू पक्ष को श्व्यास का तेखानाश में पूजा करने की इजाजत दी गई. हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा, जिला प्रशासन को 7 दिनों के



# इंग्लैंड के लिए संकटमोचन, पांचवां टेस्ट शतक जड़कर भारत में पहली बार किया ये कमाल

ओली पोप अपनी टीम के लिए संकटमोचन बनकर उभरे। इस दौरान उन्होंने भारतीय गेंदबाजों को काफी परेशान किया। 208 गेंदों में 17 चौकों की मदद से 148 रन बनाकर नाबाद रहे। दूसरी पारी में इंग्लैंड की टीम लड़खड़ाती हुई नजर आई, जिसके बाद पोप ने बखूबी मोर्चा संभाला। इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप अपनी टीम के लिए संकटमोचन बनकर उभरे। इस दौरान उन्होंने भारतीय गेंदबाजों को काफी परेशान किया। 208 गेंदों में 17 चौकों की मदद से 148 रन बनाकर नाबाद रहे। ये उनके टेस्ट करियर का पांचवां शतक है। उन्होंने पहली बार भारत में सेंचुरी जड़ने का काम किया है। पोप के बल्ले ये शतक मुश्किल हालात में निकला। बता दें कि, इंग्लैंड ने पहली पारी में 246 रन बनाए और भारत ने 436 जुटाए। बता दें कि, दूसरी पारी में इंग्लैंड की टीम लड़खड़ाती हुई नजर आई, जिसके बाद पोप ने बखूबी मोर्चा संभाला। इंग्लैंड ने तीसरे दिन स्टंप्स तक 77 ओवर में 316 रन बटोरे। पोप के अलावा रेहान अहमद चौथे दिन इंग्लैंड की पारी को आगे बढ़ाएंगे। इंग्लैंड की शुरुआत सधी हुई थी। जैक क्रॉली 31 रन और बेन डकेट 47 रन ने पहले विकेट के लिए 45 रन की पार्टनरशिप पूरी की। क्रॉली 10वें ओवर में आउट हुए। इसके बाद बैटिंग करने के लिए उतरे पोप ने डकेट के साथ 68 रन की पारी खेली। जो रूट



(2), जॉनी बेयरस्टो (10) और कप्तान बेन स्टोक्स (6) का बल्ला नहीं चला। इंग्लैंड ने 163 रन पर 5 विकेट गंवा दिए। ऐसे में पोप ने विकेटकीपर बेन फॉक्स (34) के साथ इंग्लैंड की पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने छठे विकेट के लिए 112 रन की पार्टनरशिप की। पोप ने रविंद्र जडेजा द्वारा डाले गए 61वें ओवर की दूसरी गेंद पर तीन रन लेकर अपना शतक बनाया। पोप पिछले 6 साल में भारतीय धरती पर टीम इंडिया के खिलाफ टेस्ट मैच की दूसरी पारी में सेंचुरी लगाने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। उनसे पहले ये कारनामा श्रीलंका दिमुथ करुणारत्ने ने अंजाम दिया।

# 12वीं बार टेके घुटने, इंग्लैंड के कप्तान के नाम दर्ज हुआ ये रिकार्ड

स्टोक्स टेस्ट में अश्विन द्वारा सबसे ज्यादा बार आउट किए जाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। अश्विन अब तक 12 बार स्टोक्स का शिकार कर चुके हैं। स्टोक्स ने हाल ही में टेस्ट से रिटायरमेंट लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ दिया है, जिन्हें अश्विन ने 11 बार आउट किया। भारत बनाम इंग्लैंड पहला टेस्ट हैदराबाद के मैदान पर खेला जा रहा है। भारत के दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने पहली पारी में तीन शिकार करने के बाद शनिवार को दूसरी पारी में भी असरदार गेंदबाजी की। उन्होंने टी ब्रेक तक इंग्लैंड के ओपनर जैक क्रॉली के अलावा कप्तान बेन स्टोक्स को अपने जाल में फंसाया। स्टोक्स ने 24 गेंदों का सामना किया और एक चौका लगाया। वह 37वें ओवर में बोल्ड होकर पवेलियन लौटे। स्टोक्स जैसे ही आउट हुए, उनके नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हो गया। दरअसल, स्टोक्स टेस्ट में अश्विन द्वारा सबसे ज्यादा बार आउट किए जाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। अश्विन अब तक 12 बार स्टोक्स का शिकार कर चुके हैं। स्टोक्स ने हाल ही में टेस्ट से



रिटायरमेंट लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ दिया है, जिन्हें अश्विन ने 11 बार आउट किया। वॉर्नर के बाद लिस्ट में इंग्लैंड पूर्व क्रिकेटर एलेस्टेर कुक हैं। बता दें कि, अश्विन टेस्ट में किसी एक बल्लेबाज को सबसे ज्यादा बार आउट करने वाले भारतीय स्पिनर हैं। उनके बाद फेहरिस्त में पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह हैं जिन्होंने रिकी पोंटिंग को 10 बार आउट किया है।

# तन्मय अग्रवाल के नाम दर्ज हुआ सबसे तेज तिहरा शतक

दरअसल, मौजूदा रणजी ट्रॉफी के मुकाबले में शुक्रवार 26 जनवरी को एक ऐसा ही पारी देखने को मिली जिसने वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ डाला। तन्मय अग्रवाल दुनिया में सबसे तेज तिहरा शतक बनाने वाले बैटर बन गए हैं। छक्कों चौकों की बौछार करते हुए इस बैटर ने कई दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया। दुनियाभर में भारतीय बल्लेबाजों की बल्लेबाजी का बोलबाला देखने को मिलता है। वहीं इन दिनों एक और बल्लेबाज है जिसने अपनी बल्लेबाजी के दम पर सबको प्रभावित किया है। दरअसल, मौजूदा रणजी ट्रॉफी के मुकाबले में शुक्रवार 26 जनवरी को एक ऐसा ही पारी देखने को मिली जिसने वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ डाला। तन्मय अग्रवाल दुनिया में सबसे तेज तिहरा शतक बनाने वाले



बैटर बन गए हैं। छक्कों चौकों की बौछार करते हुए इस बैटर ने कई दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया। रणजी ट्रॉफी में 26 जनवरी 2024 खेला गया अरुणाचल प्रदेश और हैदराबाद के बीच का मुकाबला इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। एक दिन के खेल में ही तन्मय अग्रवाल ने धुआंधार अंदाज में गेंदबाजों की पिटाई करते हुए ट्रिपल सेंचुरी जमा दी। इस धमाकेदार तिहरा शतक को जमाते हुए तन्मय ने वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। महज 147 गेंद पर 21 छक्के और 33 चौके की मदद से इस बैटर ने 323 रन बनाए। 28 साल के तन्मय का आंध्र प्रदेश में तीन मई 1995 को पैदा हुए। क्रिकेट की तरफ छोटी उम्र में ही उनका रुझान होने के कारण उनके माता–पिता ने उनको इस खेल की तरफ बढ़ाया। तन्मय की धमाकेदार खेल की नतीजा था कि उन्होंने हैदराबाद अंडर–14 टीम में जगह बनाई। अंडर–16, अंडर–19, अंडर–22 और अंडर–25 में टीम में जगह बनाने में वो कामयाब हुए। साल 2014 में फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू का मौका मिला। तन्मय ने साउथ अफ्रीका के मार्को माराइस 191 रन पर बनाए तिहरे शतक के रिकॉर्ड को 147 रन पर बनाकर तोड़ डाला। इस कारनामे को वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज विव रिचर्ड्स ने 244 गेंद पर अंजाम दिया था। वहीं एक दिन में 300 रन बनाने के मामले में तन्मय ने वीरेंद्र सहवाग को भी पीछे छोड़ दिया है।

# पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम में आपस में हुई मारपीट, पीसीबी ने तीन खिलाड़ियों को किया सस्पेंड

पाकिस्तान की राष्ट्रीय महिला क्रिकेट चौंपियनशिप के दौरान दो महिला खिलाड़ियों के बीच मारपीट हुई। इन खिलाड़ियों में जिन दो खिलाड़ियों ने मारपीट की उनके नाम सदफ शम्स और युसरा है जबकि जिसके साथ मारपीट हुई वो आयशा बिलाल है। पाकिस्तान क्रिकेट किसी ना किसी कारण चर्चाओं में रहती है। वहीं अब खबर है कि, पाकिस्तान की राष्ट्रीय महिला क्रिकेट चौंपियनशिप के दौरान दो महिला खिलाड़ियों के बीच मारपीट हुई। इन खिलाड़ियों में जिन दो खिलाड़ियों ने मारपीट की उनके नाम सदफ शम्स और युसरा है जबकि जिसके साथ मारपीट हुई वो आयशा बिलाल है। वहीं इस लड़ाई ने गंभीर रूप लिया, रिपोर्ट के अनुसार इस हाथापाई से महिला क्रिकेटर आयशा की नाक से खून बहने लगा। पहले आयशा इस लड़ाई के बारे में नहीं बताया था लेकिन बाद में उन्होंने सदफ और युसरा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

इस घटना को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सख्त एक्शन लिया है। पीसीबी ने तीनों खिलाड़ियों पर एक अस्थायी



बैन लगाया है। जिससे उन्हें किसी भी क्रिकेट गतिविधि में भाग लेने की मनाही है। पाकिस्तान महिला क्रिकेट की अध्यक्ष तानिया मलिक इस मामले की जांच के लिए रावलपिंडी पहुंचेंगी। हाल ही में राष्ट्रीय महिला क्रिकेट चौंपियनशिप का आयोजन हुआ है, जिसमें 6 लोकल टीमें कराची, लाहौर, मुल्तान, पेशावर, क्वेटा और रावलपिंडी खेल रही हैं।

# शीर्ष बल्लेबाज बडोनी को होटल में ही रहने को बोला, दिल्ली की टीम 147 रन पर ढेर

समझा जाता है कि इस मैच में प्रदर्शन अच्छा नहीं होने पर डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली को दखल देना होगा। अधिकारी ने कहा ,'' वह जल्दी ही कड़े फैसले ले सकते हैं। क्षितिज ने दूसरी पारी में रन नहीं बनाये तो अध्यक्ष को दखल देना होगा। रणजी ट्राफी के दौरान दिल्ली की टीम से एक और विवाद जुड़ गया जब खराब फॉर्म से जूझ रहे उसके सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज आयुष बडोनी को कद्दावर अधिकारियों के कहने पर टीम होटल में ही रूकने को कहा गया चूंकि वे इस 'आईपीएल स्टार' को सबक सिखाना चाहते थे। इस सत्र में अब तक पांच पारियों में से तीन बार दिल्ली की टीम 200 रन भी पार नहीं कर पाई। सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर 49 रन रहा जो पिछले मैच में वैभव कांडपाल ने बनाया। इस मैच में पहले दिन यश ढुल ने 47 रन बनाये। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर उत्तराखंड के चार विकेट 98 रन पर गिर चुके थे। नवदीप सैनी ने तीन विकेट लिये। पिछले मैच में 41 रन बनाने वाले बडोनी को क्षितिज शर्मा को जगह देने के लिये बाहर रखा गया। शर्मा बीसीसीआई के एक पूर्व पदाधिकारी के करीबी माने जाते हैं। डीडीसीए के एक सीनियर अधिकारी ने बताया ,''क्षितिज को



खिलाने और बडोनी को 15 से बाहर रखने का दबाव था ताकि उसे बीसीसीआई से मैच फीस भी नहीं मिल सके। 15 खिलाड़ियों को ही मैच फीस मिलती है। चूंकि उसे खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों के क्षेत्र में जाने की अनुमति नहीं थी तो उसे होटल में ही रखा गया।'' जब वह वीआईपी दीर्घा से मैच देख सकते थे तो उन्हें मैदान में क्यो नहीं लाया गया, यह पूछने पर अधिकारी ने कहा ,'' टीम मैनेजर को उसके खाने का अलग से इंतजाम करना पड़ता क्योंकि बीसीसीआई इसके पैसे नहीं देता। वह नेट पर भी नहीं जा सकता था क्योंकि पंजाब सीए का शिविर चल रहा था।'' ऐसा भी माना जा रहा है कि आईपीएल के दो सत्र के बाद बडोनी का फोकस नहीं रह गया है और उन्हें सबक सिखाने के लिये टीम होटल में ही रखा गया। समझा जाता है कि इस मैच में प्रदर्शन अच्छा नहीं होने पर डीडीसीए

अध्यक्ष रोहन जेटली को दखल देना होगा। अधिकारी ने कहा ,'' वह जल्दी ही कड़े फैसले ले सकते हैं। क्षितिज ने दूसरी पारी में रन नहीं बनाये तो अध्यक्ष को दखल देना होगा।

# भारतीय पारी 436 रन पर सिमटी, इंग्लैंड पर 190 रन की बढ़त

भारत ने रात के सात विकेट पर 421 रन के स्कोर से आगे खेलते हुए रविंद्र जडेजा (87) और अक्षर पटेल (44) के बीच आठवें विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी करके मेहमान टीम पर पहली पारी में 190 रन की बड़ी बढ़त दिला दी। भारत ने शनिवार को यहां पहले टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड के पहली पारी के 246 रन के जवाब में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 436 रन बनाये। भारत ने रात के सात विकेट पर 421 रन के स्कोर से आगे खेलते हुए रविंद्र जडेजा (87) और अक्षर पटेल (44) के बीच आठवें विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी करके मेहमान टीम पर पहली पारी में 190 रन की बड़ी बढ़त दिला दी।



# आईसीसी ट्राफी ना जीत पाने पर रोहित शर्मा का बयान, कहा– अपना टाइम आएगा

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने आगे कहा, हम बस सिर्फ यही ट्रॉफी हासिल नहीं कर सके हैं। लेकिन मुझे लगता है कि समय आएगा। हमें बस इसके लिए सही मानसिकता बनाए रखने की जरूरत है। हमें बीते समय के बारे में ज्यादा चिंता नहीं करनी क्योंकि आप इसे बदल नहीं सकते हो। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद भारत का आईसीसी ट्रॉफी जीतने का इंतजार और बढ़ गया है। लेकिन इसके बावजूद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को भरोसा है कि पिछले एक दशक से उन्हें जिस आईसीसी ट्रॉफी का इंतजार है,

# कोहली ने चौथी बार जीता आईसीसी पुरुष 'वनडे क्रिकेटर आफ द ईयर' पुरस्कार

गुरुवार को भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को पिछले साल घरेलू सरजमीं पर विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी का साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष वनडे क्रिकेटर 2023 चुना गया। कोहली का यह चौथा पुरस्कार है। वह पिछले साल वनडे में हमवतन शुभमन गिल के बाद सबसे अधिक रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी रहे। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को पिछले साल घरेलू सरजमीं पर विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए गुरुवार को आईसीसी का साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष वनडे क्रिकेटर 2023 चुना गया। कोहली का यह चौथा पुरस्कार है। वह पिछले साल वनडे में हमवतन शुभमन गिल के बाद सबसे अधिक रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी रहे। पूर्व भारतीय कप्तान कोहली ने छह शतक और आठ अर्धशतकों से पिछले साल 1377 रन बनाये। यह साल हमेशा इसलिये याद किया जायेगा कि कोहली ने महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के वनडे में शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया था। कोहली ने भारत को विश्व कप के फाइनल में पहुंचाया और 11 मैच में रिकॉर्ड 765 रन बनाकर 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' पुरस्कार भी हासिल किया। कोहली के चमचमाते करियर में यह उनका सातवां व्यक्तिगत आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) पुरस्कार है और वनडे में यह उनका चौथा पुरस्कार है। उन्होंने इससे पहले वनडे में 2012, 2017 और 2018 में यह पुरस्कार जीता था। उन्होंने 2018 में टेस्ट पुरस्कार भी जीता था जबकि 2017 और 2018 में उन्होंने आईसीसी के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स ट्राफी जीती थी। कोहली के साथ इस पुरस्कार की दौड़ में हमवतन गिल और मोहम्मद शमी और न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल शामिल थे। कोहली हालांकि साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर की दौड़ में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस से पिछड़ गये। कमिंस ने हमवतन ट्रेविस हेड और भारत के रविंद्र जडेजा और कोहली को पछाड़कर यह पुरस्कार हासिल किया। कमिंस ने साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स ट्राफी जीती और इंग्लैंड की आलराउंडर नैट साइवर ब्रंट ने साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर के लिए लगातार दूसरी रशेल हेहो फ्लिंट ट्राफी जीती। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर बने जिसमें उन्होंने हमवतन ट्रेविस हेड, भारतीय स्पिनर आर अश्विन और इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट को पछाड़ा। श्रीलंका की चामरी अटापट्टू ने पहली बार साल की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर पुरस्कार हासिल किया।

# अगर वेट लास के लिए रोज पी रहे हैं फ्रूट जूस तो ठहर जाएं, कहीं ये आपकी गलती तो नहीं

आजकल भागदौड़ भरी जिंदगी में हेल्थ पर ध्यान दे पाना सबसे चुनौती का काम है. अनहेल्दी खानपान और अस्त–व्यस्त लाइफस्टाइल की वजह से मोटापा और कई तरह की समस्याएं होने लगती है. शरीर का वजन बढने से कई बीमारियां घेर लेती हैं. इसलिए वजन कम करने पर ज्यादा फोकस करने की सलाह दी जाती है. इसके लिए डाइट और एक्सरसाइज के साथ–साथ हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करना चाहिए. बहुत से लोग फ्रूट जूस पीकर वेट लॉस करने की कोशिश करते हैं, जो गलत तरीका माना जाता है. ऐसे में आइए जानें कि मोटापा कम करने के लिए फलों का सेवन किस तरह करना चाहिए. वजन कम करने में जूस की भूमिका बहुत से लोग वजन कम करने के लिए जूस पीना पसंद करते हैं. फलों,सब्जियों और हर्ब्स के साथ मसालें और आयुर्वेदिक जड़ी–बूटियां मिलाकर कई तरह के वेट लॉस जूस बनाए जाते हैं. हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, बहुत से लोग इसी



गलतफहमी में रहते हैं कि फलों का जूस पीकर वे अपना वजन कम कर सकते हैं. लेकिन ऐसा नहीं है क्योंकि वेट लॉस में फ्रूट जूस पीने से नुकसान भी हो सकते हैं. फ्रूट जूस पीने से क्यों नहीं कम होता वजन कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि फ्रूट जूस पीने से शरीर का वजन बढ़ सकता है. जिसका सेहत पर गंभीर असर पड़ सकता है. अध्ययनों के अनुसार, ऐसे लोग जो लिक्विड डाइट लेते हैं या सिर्फ फ्रूट जूस ही पीते हैं, उन्हें कुछ समय बाद मोटापा घेर सकता है.बच्चों में मोटापे का जोखिम ज्यादा होता है. अब सवाल कि हेल्दी होने के बावजूद फ्रूट जूस पीने से वजन क्यों बढ़ता है तो बता दें कि फलों में फ्रूक्टोज नाम का नेचुरल शुगर पाया जाता है, जो फलों का स्वाद मीठा बनाता है. फलों का जूस निकालने के बाद भी ये नेचुरल शुगर जूस में ही रह जाती है और इसे पीने से कैलोरी बढ़ जाती है. ये कैलोरी पेट में फैट बनकर जमा हो जाती है, जिससे वजन बढ़ता रहता है. वजन कम करने फलों का सेवन कैसे करें हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, फ्रूट जूस पीने की बजाय फलों को काटकर खाना ज्यादा फायदेमंद होता है. जब फलों का जूस निकाला जाता है तब उन्हें पीसा या कुचला जाता है और फिर छानकर अलग कर लिया जाता है. इससे फलों में मौजूद फाइबर अलग हो जाता है. डाइटरी फाइबर शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ाकर वेट लॉस में मदद करता है. यही कारण है कि जूस पीने से फाइबर के फायदे नहीं मिल पाते हैं.

# स्वस्थ और खुशहाल रहने में मदद करती हैं यह आदतें, अपनी सुबह में करें शामिल

सुबह हमारे पूरे दिन के लिए दिशा तय करती है। जागने के बाद हम पहले कुछ घंटे कैसे बिताते हैं, इसका हमारी मानसिकता, उत्पादकता और पूरे दिन की खुशी पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है।अधिकांश लोगों की सुबह की दिनचर्या में जल्दी से स्नान करना, कॉफी पीना और मोबाइल चलाना शामिल होता है।अपनी नियमित सुबह की आदतों में सकारात्मक बदलाव करने से आपका जीवन बदल सकता है। इन सुबह की टिप्स को जरूर अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

सुबह जल्दी उठना

सुबह जल्दी उठना आपको हड़बड़ाहट की बजाय धीरे–धीरे दिनचर्या शुरू करने का मौका देता है। एक अच्छे दिन के लिए सुबह करीब 5–6 बजे तक जाग जाएं।जल्दी उठने वालों के पास व्यस्त दिन शुरू होने से पहले ध्यान, व्यायाम और जर्नलिंग के लिए समय होता है।घबराहट में अलार्म बजने पर जागने के बजाय जब आप खुद को एक अतिरिक्त घंटा देते हैं तो आप धीरे–धीरे और सचेत होकर जाग सकते हैं।

गरम नींबू पानी पिएं

सुबह उठते ही सबसे पहले गर्म नींबू पानी पीने से आपका शरीर हाइड्रेट होता है।साथ ही आपका मेटाबॉलिज्म बढ़ता है, पाचन में मदद मिलती है और आपके शरीर से विषैले पदार्थ बाहर निकलते हैं।नींबू विटामिन–सी, पोटैशियम, विटामिन–बी, फ्लेवोनोइड्स और एंटीऑक्सीडेंट का एक समृद्ध स्रोत है।जब आप नींबू के रस के लाभों को गर्म पानी के साथ मिलाते हैं तो यह आपकी सुबह की शुरुआत करने के लिए एक बढ़िया विकल्प बन जाता है।

चेहरा ठंडे पानी से धुलें

सुबह उठ कर अपना चेहरा ठंडे पानी से धुलें। अपने चेहरे पर ठंडे या गुनगुने पानी के छींटे मारने से थकी हुई आखों को ताजगी मिल सकती है।अपनी इंद्रियों को हल्का–सा जगाने के लिए हल्के हाथों से चेहरे को धोने का प्रयास करें। यदि आप अपनी त्वचा के सूखने से चिंतित हैं तो बेझिझक क्लींजर



का प्रयोग करें।इससे आपका चेहरा भी नम और साफ हो जाएगा, साथ ही आपको ताजगी भी मिलेगी।

पौष्टिक नाश्ता करें

अपने दिन की शुरुआत संतुलित प्रोटीन से भरपूर नाश्ते से करें। इससे सिर्फ आपका पेट ही नहीं भरता बल्कि यह आपको ऊर्जावान भी बनाता है। यह दिन के लिए ऊर्जा भी प्रदान करता है।नाश्ता आपके दिन को एक संतोषजनक शुरुआत दे सकता है। आप साबुत अनाज, साबुत फल और सब्जियां और अंडे या सादे दही जैसी प्रोटीन सामग्री चुन सकते हैं।भारतीय विकल्पों में आप पोहा, इडली, आलू–परांठा और ढोकला आदि का सेवन कर सकते हैं।

ध्यान लगाएं

सुबह सबसे पहले ध्यान करने के लिए 5–10 मिनट का समय निकालें। यह आपके मानसिक स्वास्थ्य को अविश्वसनीय रूप से लाभ पहुंचा सकता है।


विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, गुरूवार 01 फरवरी 2024
sheelshukla100@gmail.com


# दुनियाभर में फाइटर बनी तूफान, पांच दिनों में वर्ल्डवाइड 225 करोड़ के पार हुई कमाई



ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फाइटर 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. देशभक्ति की भावना जगा देने वाली इस फिल्म को देश और दुनियाभर की ऑडियंस से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म के जबरदस्त एरियल एक्शन और दीपिका और ऋतिक की ऑनस्क्रीम केमिस्ट्री सहित सपोर्टिंग कलाकारों की दमदार एक्टिंग दर्शकों का दिल जीत रही है और इसी के साथ ये फिल्म दुनियाभर में छप्परफाड़ कमाई कर रही हैं. फाइटर के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला विजयबालन ने फिल्म के दुनियाभर में कमाई के आंकड़े शेयर किए हैं. एक्स अकाउंट पर शेयर किए गए आंकड़ों के मुताबिक फाइटर ने वर्ल्डवाइड पहले दिन 36.04 करोड़ से ओपनिंग की थी. दूसरे दिन फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 64. 57 करोड़, तीसरे दिन 56.19 करोड़ और चौथे दिन 52.74 करोड़ रहा. वहीं फाइटर ने पांचवें दिन वर्ल्डवाइड 16.33 करोड़ की कमाई की. इसी के साथ फाइटर की दुनियाभर में पांच दिन की कुल कमाई 225.87 करोड़ रुपये हो गई है. वहीं फाइटर के घरेलू बाजार में कलेक्शन की बात करें तो इस फिल्म ने पांचवें दिन सिर्फ 8 करोड़ का कलेक्शन किया है. जो बाकी दिनों की तुलना में बहुत ही ज्यादा कम है. फिल्म ने पहले दिन 22.5 करोड़, दूसरे दिन 39.5 करोड़, तीसरे दिन 27.5 करोड़, चौथे दिन 29 करोड़ का बिजनेस किया था. जिसके बाद अब टोटल कलेक्शन 126.50 करोड़ हो चुका है. वीकडे में फिल्म के ऐसे ही कलेक्शन करने की उम्मीद है. हालांकि वीकेंड पर ये कलेक्शन बढ़ सकता है. साथ ही इस वीक कोई बड़ी फिल्म भी रिलीज नहीं हो रही है तो इसका फाइटर को फायदा मिलने वाला है. फाइटर की बात करें तो इसे सिद्धार्थ आनंद ने डायरेक्ट किया है. फिल्म में ऋतिक और दीपिका के साथ अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर और अक्षय ओबेरॉय अहम किरदार निभाते नजर आए है. फिल्म में हर किसी की एक्टिंग की बहुत तारीफ हो रही है. सभी ने अपने किरदार को बहुत ही बखूबी निभाया है।

# रणदीप हुड्डा की स्वतंत्र वीर सावरकर को मिली रिलीज तारीख, हिंदी के साथ मराठी भाषा में रिलीज होगी फिल्म



अभिनेता रणदीप हुड्डा महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की जिंदगी को पर्दे पर उतारने के लिए तैयार हैं। फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर में रणदीप न सिर्फ सावरकर की भूमिका में नजर आएंगे, बल्कि इस फिल्म से वह बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत कर रहे हैं।अब स्वतंत्र वीर सावरकर को अपनी रिलीज तारीख मिल गई है। यह फिल्म 22 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।फिल्म को हिंदी के साथ मराठी भाषा में रिलीज किया जाएगा।

रणदीप ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर स्वतंत्र वीर सावरकर का मोशन पोस्टर साझा किया है।उन्होंने लिखा, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दो नायकय एक के लिए जश्न मनाया गया और एक को इतिहास से हटा दिया गया। शहीद दिवस पर इतिहास फिर से लिखा जाएगा।स्वतंत्र वीर सावरकर में अंकिता लोखंडे और अमित सियाल भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।पहले महेश मांजरेकर फिल्म का निर्देशन करने वाले थे, लेकिन फिर उन्होंने इससे किनारा कर लिया।
अभिनेता रणदीप हूडा द्वारा निर्देशित पहली फिल्म, स्वातंत्र्य वीर सावरकर, एक नायक के पुनरुत्थान की शुरुआत करती है, जो भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में एक अदम्य व्यक्ति के रूप में आज भी याद किए जाते हैं । भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में एक दूरदर्शिता रखनेवाले ,ज्वाला की तरह दहकते और रगों में देशभक्ति के भाव का चोला पहने स्वतंत्रता सेनानी श्री वीर सावरकर की उपेक्षित कहानी को इस फिल्म के द्वारा बहुत ही खूबसूरती से दर्शाया गया है।
रणदीप ने अपने उम्दा निर्देशन के माध्यम से इस प्रतिष्ठित स्वतंत्रता सेनानी के सार और उत्साह को दर्शाने में अपनी बहुमुखी प्रतिभा और समर्पण का एक प्रमाण प्रस्तुत किया है। अपने हर किरदारों के लिए समर्पित रहनेवाले रणदीप स्वातंर्त्य वीर सावरकर के रूप में ना सिर्फ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते हैं बल्कि एक विचारोत्तेजक कहानी के माध्यम से इतिहास के पन्नो में खो गए एक महान व्यक्तित्व के धैर्य, जुनून और जटिलता को भी बड़े पर्दे पर उतारने की कोशिश किये हैं ।

# तेजा सज्जा की हनु मान की कमाई में भारी गिरावट, 18वें दिन दो करोड़ भी नहीं कमा पाई फिल्म



तेजा सज्जा स्टारर प्रशांत वर्मा निर्देशित पहली इंडियन सुपरहीरो फिल्म, हनु मान का बॉक्स ऑफिस पर दमदार परफॉर्म कर रही है. ये फिल्म 12 जनवरी को महेश बाबू स्टारर गुंटूर कारम, धनुष स्टारर कैप्टन मिलर, विजय सेतुपति– कैटरीना कैफ स्टारर मैरी क्रिसमस सहित कईं फिल्मों के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. ये फिल्म रिलीज के बाद से ही दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है. ये फिल्म रिलीज के तीसरे हफ्ते में भी शानदार करोबार कर रही है. यहां तक कि ये फिल्म ऋतिक रोशन की फाइटर को भी जबरदस्त टक्कर दे रही है. चलिए जानते हैं शहनु मान्च ने रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे मंडे कितने करोड़ की कमाई की है

हनु मान पिछले तीन हफ्तों से बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा रही है. छोटे बजट और छोटे स्टारकास्ट वाली इस फिल्म को देखने के लिए सिनेमाघरों में अब भी खूब भीड़ उमड़ रही है. फिल्म की कमाई की बात करें तो हनु मान्च पहले हफ्ते में 99.85 करोड़ का कलेक्शन किया था. वहीं दूसरे हफ्ते में शहनु मान्च ने 58. 65 करोड़ की कमाई की थी. ये फिल्म तीसरे हफ्ते में भी दमदार कलेक्शन कर रही है. कमाई की बात करें तो तीसरे शनिवार फिल्म ने 6.5 करोड़ का कलेक्शन किया था. वहीं तीसरे रविवार इस फिल्म की कमाई में 18.46 फीसदी का उछाल आया और इसने 7.7 करोड़ का बंपर कलेक्शन किया. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के 18वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक शहनु मान ने रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे मंडे को 1.75 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ हनु मान्च की 18 दिनों की कुल कमाई अब 174.45 करोड़ रुपये हो गई है.


हनु मान का दुनियाभर मे भी खूब डंका बज रहा है. फिल्म रिलीज के तीसरे हफ्ते में भी दुनियाभर में शानदार कमाई कर रही है. इस फिल्म ने 21.35 करोड़ से ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 21.35 करोड़ से ओपनिंग की थी. इसके बाद फिल्म ने ध ुंआधआर परफॉर्म किया और वर्ल्डवाइड 17 दिनों में 269.72 करोड़ का कलेक्शन कर लिया. वहीं 18वें दिन फिल्म के 270 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लेगी.तेजा सज्जा ने शहनु मान्च में लीड रोल प्ले किया है और फिल्म में वे हनुमंथु की भूमिका में हैं. वहीं अमृता अय्यर उनकी प्रेमिका मीनाक्षी के रोल में हैं, और वरलक्ष्मी सरथकुमार हनुमंथु की बहन अंजम्मा हैं. इस पहली तेलुगु सुपरहीरो फिल्म में वेनेला किशोर, सत्या, विनय राय, गेटअप श्रीनू, राज दीपक शेट्टी, समुथिरकानी, कौशिक महता और भानु प्रकाश जैसे कईं कलाकारों ने भी अहम रोल प्ले किया है.

# रितिक रोशन की फाइटर का नया गाना दिल बनाने वालेया जारी, अरिजीत सिंह ने दी आवाज



सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर एरियल एक्शन फिल्म फाइटर बॉक्स ऑफिस पर ध ूम मचा रही है। फैंस को दोनों स्टार्स की केमिस्ट्री, एक्शन और देशभक्ति से जुड़ी यह मूवी काफी पसंद आ रही है।निर्माताओं ने अब फिल्म की रिलीज के कुछ दिन बाद इसका एक नया इमोशनल गाना दिल बनाने वालेया रिलीज कर दिया है, जो फैंस को काफी पसंद भी आ रहा है। यह गाना लोगों के दिलों को छू रहा है। ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर स्टारर फाइटर फिल्म का एक नया गाना दिल बनाने वालेया जारी कर दिया गया है। बता दें कि यह गाना फिल्म में तब बजता है, जब स्क्वाड्रन लीडर शमशेर पठानिया यानी पैटी बने ऋतिक रोशन अपनी टीम से अलग महसूस करते हैं। यह गाना इमोशन्स से भरा हुआ है। इस गाने को सिंगर अरिजीत सिंह ने जोनिता गांधी, विशाल ददलानी और शेखर रवजियानी के साथ मिलकर गाया है। वहीं, गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं। फैंस को भी गाना काफी पसंद आ रहा है। वो लगातार इसकी तरफ कर रहे हैं। कुछ लोग अरिजीत के सिंगिंग की तारीफ कर रहे हैं, तो कुछ लोगों के गाने सुन कर रोंगटे खड़े हो गए हैं। 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म फाइटर ने 24 करोड़ से डोमेस्टिक कलेक्शन में ओपनिंग ली थी। इसके बाद मूवी को 26 जनवरी की छुट्टी का भी फायदा मिला। अभी तक इस फिल्म का टोटल कलेक्शन 126.50 करोड़ हो गया है। फाइटर में ऋतिक, दीपिका और अनिल कपूर के अलावा करण सिंह ग्रोवर और अक्षय ओबरॉय ने भी अहम भूमिका निभाई है। 250 करोड़ रुपये की लागत से बनी फाइटर का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है, जिन्होंने शाह रुख खान संग पठान जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म बनाई थी। वहीं, इससे पहले वह ऋतिक की फिल्म वॉर और बैंग बैंग का निर्देशन भी कर चुके हैं।

# जार्जेट साड़ी पहनकर रोमांटिक गाने की शूटिंग करना एक स्वप्निल अनुभव जिया शंकर



अभिनेत्री जिया शंकर, हर्ष बेनीवाल के साथ मेरी जिंदगी नामक म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि जॉर्जेट साड़ी में रोमांटिक नंबर शूट करना एक स्वप्निल अनुभव रहा। गाने में अभिनय के बारे में बात करते हुए जिया ने कहा, बर्फ में जॉर्जेट साड़ी पहनकर एक रोमांटिक गाने की शूटिंग करना एक स्वप्निल और खूबसूरत अनुभव था। तुलसी कुमार और विशाल मिश्रा ने जिस तरह से इस गाने को गाया है, उससे मुझे इससे और भी ज्यादा प्यार हो गया है।इस रोमांटिक ट्रैक को तुलसी कुमार और विशाल मिश्रा ने गाया है। भूषण कुमार द्वारा निर्मित वीडियो को मनाली के बर्फ से ढके पहाड़ों में शूट किया गया है। तुलसी ने कहा, मेरी जिंदगी एक बहुत ही भावपूर्ण ट्रैक है, जो तुरंत श्रोताओं के दिलों को छू जाएगा।उन्होंने कहा, यह गाना मोहसिन और मेरे द्वारा लगभग तीन साल पहले लॉक डाउन में शुरू किया गया था और इसकी एक बहुत ही मजबूत धुन है, जो इतने समय तक मेरे साथ रही और आखिरकार हमारे पास इस गाने के लिए एक खूबसूरत वीडियो है। मैं अपने सभी प्यारे प्रशंसकों के लिए इसका इंतजार नहीं कर सकती। बर्फ से ढके पहाड़ों में साड़ी में दिखाना भी एक चुनौती थी।गाने के दिल छू लेने वाले बोल रश्मी विराग ने लिखे हैं और संगीत जावेद और मोहसिन ने दिया है। स्वप्निल संगीत वीडियो आरिफ खान द्वारा निर्देशित है।विशाल ने कहा, दर्शकों ने मेरे गानों को जो प्यार दिया है, वह बहुत जबरदस्त है। मेरी जिंदगी भी एक ऐसा गाना है, जिससे हर कोई प्यार करता है।हर्ष बेनीवाल ने कहा, मुझे याद है, जब हमने गाने की शूटिंग की थी, तो यह मूड को बेहतर बनाने वाला था। पूरी शूटिंग के दौरान, मुझे इसकी जीवंतता और गाने से बहुत प्यार महसूस हुआ।संगीतकार, जावेद और मोहसिन ने भी कहा, रोमांस एक ऐसी शैली है, जिसका प्रयोग बहुत किया जाता है। इसलिए हर बार हम कुछ नया बनाते हैं।मेरी जिध्दंगी के गीतकार रश्मी विराग ने भी कहा, प्यार की भाषा बहुत बदल गई है। लेकिन भावनाएं वही हैं, इसलिए युवा प्रेमियों को पुराने स्कूल के रोमांस का स्वाद देना जो आध ुनिक भी लगे, यही इसके पीछे का विचार था। तुलसी और विशाल ने इसे कितनी खूबसूरती से गाया है। मेरी जिंदगी टी–सीरीज यूट्यूब चौनल पर उपलब्ध है।

# तमन्ना भाटिया ने करण जौहर से मिलाया हाथ, वेब सीरीज में आएंगी नजर



दक्षिण भारतीय सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक अपनी पहचान बनाने वाली अभिनेत्री तमन्ना भाटिया अक्सर ही सुर्खियों में रहती हैं।अब अभिनेत्री ने करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शंस की डिजिटल सहायक कंपनी धर्माटिक एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग किया है।वह अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देने वाली एक कॉमेडी और ड्रामे से भरपूर वेब सीरीज में नजर आने वाली हैं, जिसका नाम अभी सामने नहीं आया है।इस सीरीज का निर्देशन डॉ अरोड़ा फेम निर्देशक अर्चित कुमार करेंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, इस शो को एक स्टार्टअप ड्रामा के रूप में दिखाया जाएगा, जिसमें 2 महिलाओं की कहानी होगी जो उद्यमशीलता का मार्ग तलाशती हैं। इसमें मुख्य भूमिका तमन्ना निभाएंगी तो दूसरी अभिनेत्री की तलाश जारी है।कहा जा रहा है कि धर्माटिक एंटरटेनमेंट अपनी इस सीरीज से पहले निर्देशक अर्चित के साथ सीरीज शोटाइम लेकर आएगा, जिसका फिलहाल प्री–प्रोडक्शन चल रहा है। मार्च के मध्य या अप्रैल की शुरुआत में इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी।

बिना शीर्षक वाली अपनी इस सीरीज के साथ ही धर्माटिक एंटरटेनमेंट ने अमेजन प्राइम वीडियो के साथ तीसरी बार सहयोग किया है।इससे पहले सारा अली खान अभिनीत फिल्म ऐ वतन मेरे वतन और अनन्या पांडे के नेतृत्व वाली सीरीज कॉल मी बे के लिए दोनों ने हाथ मिलाया है। ये दोनों ही प्रोजेक्ट इस साल रिलीज होंगे।इसके अलावा तमन्ना की जी करदा, आखिरी सच और लस्ट स्टोरी के बाद यह चौथी वेब सीरीज होगी।

तमन्ना की झोली में इस वेब सीरीज के अलावा 3 और फिल्में शामिल हैं।वह तमिल हॉरर कॉमेडी अरणमनई 4 का हिस्सा हैं, जिसमें राशि खन्ना और सुंदर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।तमन्ना फिल्म बोले चूडियां में भी दिखाई देंगी, जिसका निर्देशन शमास नवाब सिद्दीकी ने किया है। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और राजपाल यादव शामिल हैं।इसके अलावा वह जॉन अब्राहम, अभिषेक बनर्जी और शरवरी वाघ के साथ फिल्म वेदा का भी हिस्सा हैं।

धर्माटिक एंटरटेनमेंट कृतिका कामरा, धैर्य करवा और राघव जुयाल के साथ वेब सीरीज ग्यारह ग्यारह लेकर आएगा, जो जी5 पर रिलीज होगी।फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस यानी 8 मार्च को जारी होने के बाद 22 मार्च को यह अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी।इसके अलावा नेटफ्लिक्स पर फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स का तीसरा सीजन आएगा तो शोटाइम मार्च के बाद रिलीज होगी।

# मौनी राय ने फिर बढ़ाया इंटरनेट का पारा, शार्ट ड्रेस में फ्लान्ट किया बोल्ड फिगर



टीवी से लेकर बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखा चुकी मौनी रॉय अपने स्टाइलिश और फैशनेबल अवतार के लिए जानी जाती हैं. इंटरनेट पर मौनी का अक्सर ग्लैमरस लुक वायरल रहता है. एक बार फिर मौनी रॉय अपने स्टाइलिश अवतार से इंटरनेट पर कहर ढा रही है. मौनी रॉय के स्टाइलिश लुक की बात करें तो मौनी रॉय ब्लैक और व्हाइट ड्रेस में बेहद ग्लैमरस लग रही हैं. डीप नेकलाइन ड्रेस में मौनी रॉय अपना फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं. इंटरनेट पर उनके इस अवतार को काफी पसंद किया जा रहा है. मौनी ने ने अपना लेटेस्ट लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है. मौनी रॉय ने अपने इस लुक को खास बनाने के लिए लाइट मेकअप कैरी किया हुआ है. लाइट शेड लिपस्टिक में मौनी रॉय बेहद स्टनिंग लग रही हैं. सोशल मीडिया पर मौनी के फैंस उनके इस अवतार को काफी पसंद कर रहे हैं. मौनी रॉय टीवी जगत से लेकर फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखा चुकी हैं.

# टैबलेट प्राप्त कर छात्र–छात्राओं के चेहरे खिल उठे



ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे लार के खुदैजा बीबी मख्दूम बख्श गर्ल्स डिग्री कालेज में टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम के हाथों टैबलेट प्राप्त कर छात्र–छात्राओं के चेहरे खिल उठे।राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का सपना है कि यहां का युवा समग्र रूप में सक्षम हों। आज के इस तकनीकी युग में प्रदेश में वितरित किये जा रहे स्मार्टफोन व टैबलेट से युवा अपनी पढ़ाई व रोजगार को आगे बढ़ाने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि आज के युग में स्मार्टफोन हर व्यक्ति के लिए लाभकारी है। आप लोगों को जो स्मार्टफोन वितरित किए जा रहे हैं उसका प्रयोग केवल अच्छे कार्य व पढ़ाई के लिए करें। प्रदेश सरकार ने मेधावी छात्र–छात्राओं को चुनावो के दौरान ही स्मार्ट फोन अथवा टैबलेट देने की घोषणा की थी। इसी क्रम में प्रदेश भर में मेधावी छात्र–छात्राओं को टैबलेट और स्मार्टफोन का वितरण किया जा रहा है।सरकार छात्र–छात्राओं को डिजिटल युग से जोड़ने की जो पहल की है। जो बेहद सराहनीय है। उक्त अवसर पर यशवंत सिंह लारी,रामेश्वर सिंह, ओमप्रकाश मोदनवाल,अजय दूबे वत्स, राजीव वर्मा,राजेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# ससुराल गये युवक की रोड के किनारे खेत मे मिला शव

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के सिसवा दीक्षित के पास रोड के किनारे एक युवक की लाश सुबह ग्रामीणों ने देखी जिसके ऊपर मोटर साइकिल गिरी हुई थी । इनका परिवार अपने रिश्तेदार के घर शादी में आया हुआ था और इनकी पत्नी के अनुसार यह कोई कार्य बता कर सुबह सुबह कही मोटर साइकिल से गए थे बाद में इनके आने में देरी की होने पर इनको पत्नी द्वारा इनको कई बार फोन किया गया लेकिन फोन नही उठा तब तक किसी ने सूचना दी की एक व्यक्ति रास्ते के किनारे खेत में गिरा है। इस सूचना पर इस व्यक्ति की पत्नी मौके पर पहुंची और इनकी पहचान मार्कण्डेय मिश्र निवासी ग्राम महुई थाना खुखुंदु के रूप में हुई मार्कण्डेय मिश्र यूपी पुलिस में तैनात थे छुट्टी लेकर घर आए हुए थे ।इसकी सूचना



सलेमपुर पुलिस को दी गई पुलिस ने मौके पहुंच कर आगे की कार्य वाही करते हुए पंचनामा कर लाश को पोस्ट मार्डम के लिए भेज दिया प्रथम दृष्टया यह मामला दुर्घटना प्रतीत हो रहा है

# संसाधनों की कमी से 10 माह के बच्चे की मौत

## – धरने पर बैठा पूरा परिवार सीएससी बना रेफर केंद्र बच्चे के गले में फंसा था सेव का टुकड़ा

राठ–हमीरपुर । राठ कस्बे की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 10 माह के बच्चे की संसाधनों व सुविधाओं की कमी से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। मृतक बच्चे का पिता अपने पूरे परिवार के साथ संसाधनों और समुचित व्यवस्था की मांग को लेकर आज सुबह 3 बजे से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर ही धरने पर बैठ गया। बच्चे की गले में सब का टुकड़ा फंस गया था। इसके बाद परिजनों ने आनन–फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने बच्चे को मेडिकल कांलेज रेफर कर दिया। लेकिन उरई मेडिकल कांलेज पहुंचते ही चिकित्सकों ने बच्चे को मृत्य घोषित कर दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर धरने पर बैठे मृतक बच्चे के पिता ने संसाधनों और सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग की। मौके पर पहुंचे एडीएम अरुण कुमार मिश्रा ने पूरे मामले की जांच का आश्वासन एवं व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का आश्वासन देते हुए धरने को समाप्त कराया। संजय सोनी ने बताया कि राठ सीएससी में कोई व्यवस्था नहीं है तथा सीएससी रेफर केंद्र का रूप ले चुकी है। बताया कि वह जिलाधिकारी को बुलाने की मांग पर धरने पर बैठा हुआ था। जिसके बाद मौके पर पहुंचे सीएमओ और अपर जिलाधिकारी ने जांच का आश्वासन देते हुए मामले को संभालते हुए धरने को समाप्त कराया। सीएमओ डाक्टर गीतम सिंह और अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार मिश्रा ने बताया की घटनाक्रम की जांच कराई जाएगी। सीएससी की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाएगा साथ ही चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए शासन को पत्राचार किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना व्यापारी दुर्घटना बीमा के तहत नीलम गुप्ता को मिले 10 लाख रूपये

## – जिलाधिकारी द्वारा दी गयी चेक

संवाददाता।

हमीरपुर । व्यापार बंधुओं व उद्योग बन्धुओं के साथ जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक में लिए गए निर्णय के संबंध में की गई कार्यवाही की पुष्टि की गई। तदोपरांत उद्योग व व्यापार बंधुओं से उनकी समस्याओं के बारे में बैठक में चर्चा की गई। समस्याओं के नियमानुसार शीघ्र निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल के प्रकरणों एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की पीएम रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत किए जाने वाले आवेदनों को किसी भी दशा में पेंडिंग ना रखा जाए। उनको नियमानुसार स्वीकृत कर समय से डिस्बर्स किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों को बेहतर सुविधाएं दी जाएं तथा निवेश व निर्यात गतिविधियों को बढ़ाने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं। जनपद में अधिकाधिक निवेश आकर्षित करने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाए। इससे जनपद में रोजगार तथा औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। कहा कि उद्यमियों की हर संभव मदद की जाए। इस मौके पर उन्होंने सरकार समर्थित विभिन्न ऋण योजनाओं की समीक्षा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। व्यापार बंधुओ की बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापारी बंधुओं की समस्याओं को सुनकर उनके नियमानुसार निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना व्यापारी दुर्घटना बीमा के तहत नीलम गुप्ता पत्नी स्व. अमित कुमार फर्म स्वामी सर्वश्री बालाजी इंटरप्राइजेज, 6 थोक 421ध्3 नियर बी,एस,एन,एल, टावर मुस्करा, जिला हमीरपुर को 10 लाख रूपये की चेक जिलाधिकारी द्वारा दी गयी। जिनकी सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना चलायी जा रही है। जिसमें उन व्यापारियों को लाभ मिलता है। जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हो और जीएसटीय केन्द्र एवं राज्य दोनोद्ध में पंजीकृत हो और यदि उनकी दुर्घटना से मृत्यु हो जाती है। तो उनके आश्रित को 10 लाख की धनराशि दी जाती है। इस मौके पर एडीएम न्यायिक डा. नागेन्द्रनाथ यादव एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, सीओ सदर, अधिशासी अभियंता विद्युत जीएमडीआईसी, उपायुक्त वाणिज्य कर, संतोष कुमार वर्मा संयुक्त कार्यपालक, सम्भाग बांदा श्रीकृष्ण प्रकाश उपायुक्त राज्यकर हमीरपुर रामनरेश सिंह सहायक आयुक्त राज्य कर हमीरपुर, अविनाश साहू सहायक आयुक्त राज्यकर, अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एलडीएम, व्यापार मंडल के प्रतिनिधि व उद्योग बन्धु मौजूद रहे।

# अवैध गांजे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

हमीरपुर । पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज थाना कुरारा पुलिस द्वारा मनकी रोड पर स्थित खरौंज मौड़ के पास से 650 ग्राम अवैध गांजे के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मुअसं. 31ध्2024 धारा 8ध्20 छक्च्ै ।ब्ज् पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार हुये अभियुक्त अजीज पुत्र नूरबख्श निवासी वार्ड. नं. दो कस्बा व थाना कुरारा जनपद हमीरपुर है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सचिन कुमार शर्मा, कांस्टेबल सौरभ सिंह, मनोज गुप्ता शामिल रहे।

# सीओ सदर की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षाध्समवन्य बैठक संपन्न

संवाददाता

हमीरपुर । आज क्षेत्राधिकारी सदर जनपद हमीरपुर की अध्यक्षता में किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 107 के अन्तर्गत गठित विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षाध्समवन्य बैठक रिजर्व पुलिस लाइन जनपद हमीरपुर के सभागार कक्ष मे आहुत की गयी। जिसमें ।भ्ज्न् व ैश्रच्न् तथा महिला सेल में नियुक्त अधिकारीध्कर्मचारी मौजूद रहे व समस्त थानो में नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारीध्सहायक बाल कल्याण पुलिस अधिकारी व क्सै। सचिव, सीडब्लूसी अध्यक्ष, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, वन स्टाफ सेन्टर तथा जन साहस केंद्र (एनजीओ) के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक मे मुख्य बिन्दु बालश्रम, भिक्षावृत्ति की रोकथाम, बाल विवाह रोकथाम व पाक्सो एक्ट के मामलों में आरोप पत्र प्रेषित करते समय फार्म । तथा ठ को भरने के दिशा निर्देशो का पालन आदि के सम्बंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई साथ ही साथ जनपद में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेस 4 के संबंध में चर्चा तथा गुमशुदा बच्चों के पंजीकृत व लंबित मामलो व पाक्सो एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगो पर चर्चा व जेजे एक्ट से सम्बंधित आदेश निर्देश एवं जागरुकता के अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया।

# एसपी ने थाना मझगवां का किया वार्षिक निरीक्षण

हमीरपुर । आज पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा थाना मझगवां का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाने के कार्यालय, लांकअप, अपराध रजिस्टरध्महिला हेल्पडेस्कध सीसीटीएनएस कक्षधविवेचना कक्षध्ई–मालखानाध्मैसध्थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे व शस्त्रागार आदि का निरीक्षण किया गया। अभिलेखों को गहनता से चेक किया गया व समय से अद्यावधिक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। तदोपरांत थाना परिसर की साफ–सफाई को चेक किया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए साथ ही थाना अध्यक्ष मझगवां तथा अन्य पुलिस कर्मियों को थाने में आने वाली जनताध्पीड़ितों से सम्मानजनक व्यवहार करने व जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के द्वारा थाना मझगवां क्षेत्र से आए हुए ग्राम पहरी से संवाद कर संबंधित के क्षेत्र के बारे में जानकारी की गई तथा ग्राम पहरी को कंबल वितरित कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी राठ थाना अध्यक्ष मझगवां व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी मौजूद रहे।

# उद्यमियों की बैंकर्स और राजस्व की निपटाएं समस्याएं– डीएम

## –उद्योग बंधु की बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

चित्रकूट । डीएम अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उद्योग बन्धु की बैठक में विशेषकर वन विभाग, विद्युत विभाग, बैंकर्स व राजस्व से संबंधित उद्यमियों ने जो समस्याएं रखी है उनको प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। कहां कि चित्रकूट में उद्यम लगाने के लिए उद्यमी उत्साहित है। ताकि यहां पर उद्योग स्थापित होने पर जनपद के लोगों को रोजगार मुहैया हो सके। उन्होंने उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र को निर्देश दिए कि जिन विभागों की समस्याएं उद्यमियों द्वारा दी गई है उन्हें दो दिन के अंदर संबंधित विभागों में भेज कर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। निवेश मित्र पोर्टल में जो उद्यमी स्तर पर प्रार्थना पत्र लंबित है तो उनसे संपर्क कर निस्तारण कराया जाए। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना पर संबंधित बैंकों से कहा कि जिन बैंकों में आवेदन पत्र अभी भी लंबित है उनका तत्काल निस्तारण करें। उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र से कहा कि सीएफसी के कार्य को शुरू कराया जाए। अगर कोई समस्या है तो उसे तत्काल निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी बैंकों ने एक जनपद एक उत्पाद ऋण सहायता योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में अच्छा कार्य किया है। भारतीय स्टेट बैंक से कहा कि प्रगति कम है। प्रगति बढ़ाकर लाभान्वित कराए।डीएम ने अभिविहीत अधिकारी को निर्देश दिए कि मै. सहस्त्र भुज प्राइवेट लिमिटेड के लाइसेंस का कार्य जो लंबित है उसे फरवरी माह में ही जारी कराए। उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र से कहा कि धारा 116 के अंतर्गत जो तहसील कर्वी में प्रकरण लंबित है उसे उप जिलाधिकारी से रिपोर्ट प्राप्त कर उपलब्ध कराए। उप जिलाधिकारी मानिकपुर से कहा कि जो वन विभाग के अंतर्गत भूमि संबंधी मामले लंबित है उसमें वन विभाग और राजस्व विभाग की टीम का गठन कर निस्तारण कराया जाए। प्रभागीय वनाधिकारी के साथ बैठकर टाइगर रिजर्व क्षेत्र के अंतर्गत जो एरिया आ रहा है उसका सीमांकन कराए। ताकि वहां पर जो उद्यमी उद्योग स्थापित करना चाहते है तो वह लगा सके। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर एसडीएम मानिकपुर रामजन्म यादव, सीओ यातायात राजकमल, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र एसके केसरवानी जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, परियोजना अधिकारी नेडा एके श्रीवास्तव जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक आर्यावर्त बैंक सियाराम द्विवेदी, उप प्रभागीय वनाधिकारी हरिशंकर सिंह सहित संबंधित अधिकारी व डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, व्यापार मंडल के सुनील द्विवेदी, गुलाबचंद्र गुप्ता राहुल गुप्ता, अरुण गुप्ता, फूलचंद कुशवाहा, विवेक अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# चोरी की चार बाइकों के साथ दबोचे गए चार शातिर

चित्रकूट । शहर में चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस अधीक्षक ने टीम गठित की। कोतवाली पुलिस ने चार बाइको समेत चार शातिरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में बुधवार को पत्रकारों से रूबरू होकर एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि अपराध की रोकथाम के लिए अपर एसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी हर्ष पांडेय के पर्यवेक्षण व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने अंतर्जनपदीय चार बाइक चोरो को तीन नंबर प्लेट व एक बिना नंबर की बाइकों के साथ गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि कोतवाली के दरोगा अनिल कुमार गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि हनुमान धारा मार्ग से चोरी की बाइक लेकर चार चोर आ रहे हैं। इस पर पुलिस टीम के साथ पहुंचकर चोरो को पकड़ लिया गया है। पकड़े गए चोरो ने नाम पता रैपुरा थाना क्षेत्र के भौरी के मजरा ममसी के पुरवा निवासी रोहित कुमार पुत्र देवीदयाल, अरवारा निवासी प्रियांश यादव पुत्र रामदत्त यादव, बांदा के कालिंजर के लालापुर पुरैनिया निवासी सुधीर पटेल पुत्र संतोष पटेल, बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के ऐचवारा के मजरा गजहा निवासी नर्बदा प्रसाद पुत्र लल्लू राजपूत बताया है। पूछताछ में बताया कि कर्वी में किराए के मकान में रहते थे। गिरोहबंद होकर बाइक चोरी ककर बेंचने का कार्य करते हैं। एसपी ने बताया कि आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। अपराध पाए जाने पर गैंगेस्टर की कार्यवाही की जाएगी।

# आशीष पटेल के जालौन दोरे से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह

हमीरपुर । अपनादल एस के कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष पटेल ने जालौन पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों के साथ संगठन की समीक्षा की एवं पार्टी को आगामी लोकसभा चुनाव में पूरी ताकत से मेहनत करने की नसीहत दी। वही बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे पर घाटमपुर विधायक सरोज कुरील, प्रदेश अध्यक्ष महिला मंच दीपमाला कुशवाहा, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच अहमद मंशूरी, राष्ट्रीय सचिव दीपमणि सिरोठिया, प्रदेश महासचिव युवा मंच ओंकार ठाकुर, जिलाध्यक्ष अनिल अटरिया, हमीरपुर जिलाध्यक्ष महेन्द्र मंत्री सरीला, बब्बू अटा जिलापंचायत सदस्य, आनन्द बोहरा, महेन्द्र बरार सहित सैकडो कार्यकर्ताओं ने फुलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। वही निर्दलीय सभासद सुशील राजपूत ने अपनादल एस की सदस्यता ग्रहण की। उसके बाद चमारी ग्राम में सौरभ दुवेदी के द्वारा करायी जा रही भागवत कथा के समापन पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। वही कुछ दिन पूर्व अपनादल एस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद लगातार अपनादल के बड़े नेताओं के जालौन दौरों से तरह तरह के कयास लगाये जा रहे है। सूत्रों की माने तो बुन्देलखण्ड में अपनादलएस को एनडीए गठबंधन से एक सीट लोकसभा की अपनादल एस के खाते में जा सकती है।

# जीएसटी दरों में सरकार करें सुधार

सुमेरपुर–हमीरपुर । होटल व्यवसाय में जुड़े प्रकाश रेस्टोरेंट एवं लाज के मालिक अरुण प्रकाश उर्फ भोला तिवारी ने कहा कि होटल व्यवसाय में जीएसटी में बढ़ोतरी की जरूरत है। इसको 12 फीसदी की जगह 18 फीसदी होना चाहिए। इससे देश के विकास को गति मिलेगी। विदोखर पुरई के किसान उदयभान यादव ने कहा कि सरकार को किसानों को राहत देने के लिए उर्वरकों के साथ कीटनाशकों एवं बीज के दामों में कमी के प्रयास करना चाहिए। इससे किसानों को राहत मिलेगी। व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने कहा कि केंद्र सरकार को जीएसटी की विसंगतियों को दूर करना चाहिए और एक सीमित दरों पर व्यापारियों को राहत देने का कार्य करना चाहिए। इससे व्यापार में सुधार में होगा।

# विद्यालय में बच्चों की हो शत प्रतिशत उपस्थिति

## –डीएम ने जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण सिमति की बैठक में की बिन्दुवार समीक्षा

चित्रकूट । डीएम अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति, निपुण भारत व कायाकल्प अभियान की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई ।जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव को निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति 55 प्रतिशत से कम है। वहां पर शिक्षकों को सख्त निर्देश दें कि पंजीकृत बच्चों की उपस्थिति विद्यालयों में शत प्रतिशत कराए। अन्यथा शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक दशा में विद्यालयों में पंजीकृत बच्चों की उपस्थिति आवश्यक है। जिन विद्यालयों में उपस्थिति की काल नहीं आ रही है उसके लिए शासन से पत्राचार किया जाए। जिन शिक्षकों ने काल रिसीव नहीं की जाती है वह काल रिसीव अवश्य करें। अगर काल रिसीव नहीं करेंगे तो शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिन विद्यालयों में शिक्षको की कमी है तो आसपास के विद्यालयों से शिक्षकों को भेजकर व्यवस्था करें। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र के विद्यालयों का भ्रमण कर बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराए। जो बच्चे विद्यालय नहीं आते हैं तो उनका नाम हटाया जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि माह फरवरी के अंत तक सभी खंड शिक्षा अधिकारियों की समीक्षा कर प्रगति के बारे में अवगत कराए। उन्होंने कहा कि डीसी एमडीएम के कार्यो में सुधार नहीं हुआ तो इनकी सेवा समाप्त की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय, ब्लाक स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी के अधिकारियों से कहा कि माह फरवरी में विद्यालयों का शत प्रतिशत निरीक्षण अवश्य करें। उन्होंने बीएसए से कहा कि निपुण भारत के संबंध में शिक्षकों की कार्यशाला भी आयोजित कराए। डीएम ने निपुण भारत अभियान, विद्यालयों में आपरेशन कायाकल्प, पेयजल आपूर्ति, विद्युतीकरण, शौचालय, रैम्प निर्माण, पठन पाठन, शिक्षकों की उपस्थिति, नीति आयोग के 14 पैरामीटर्स, 19 पैरामीटर्स के कार्य, आईवीआरएस प्रणाली आदि विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश, अपर सीएमओ डॉ एमके जतारया, प्राचार्य डाएट आदर्श कुमार त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र, डीएसओ आनंद कुमार सिंह, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी प्रेमदास, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह सहित समस्त खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# गठबंधन की कार्य पद्धति पर भाकपा नेता ने उठाये सवाल

संवाददाता।

चित्रकूट । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी उप्र कार्यकारिणी सदस्य जिला सचिव का. अमित यादव ने जारी बयान में कहा कि अस्त व्यस्त हालात में इंडिया गठबंधन प्रदेश में अपने लक्ष्यों को हासिल नहीं कर सकता। जिस राज्य में भाजपा की चुनौती सबसे ज्यादा है और लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष शक्तियों की एकता की जहां सर्वाधिक जरूरत है वहां यह गठबंधन निष्क्रिय पड़ा हुआ है और कुछ दलों की मनमानी और आपाधापी का शिकार बना हुआ है। कहा कि वामपंथी दल गठबंधन के अभिन्न हिस्से हैं। वामदल प्रदेश में लगभग डेढ़ दर्जन लोकसभा सीटों पर पिछला चुनाव लड़ चुके हैं। उन्होंने हैरानी जताई कि गठबंधन के नेता एकतरफा तरीके से अन्य दलों के लिए सीटों का कोटा घोषित कर रहे हैं, धर्मनिरपेक्ष खेमे की महत्वपूर्ण शक्तियों की उपेक्षा कर रहे हैं और अब कुछ सीटें भी घोषित कर दी गई हैं। जबकि कई सीटों पर भाकपा भी लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। भाकपा और वामपंथ संविधान, लोकतन्त्र और धर्मनिरपेक्षता की रक्षा के लिए प्रतिबध्द हैं और इस लक्ष्य को हासिल करने के लोकतान्त्रिक संघर्ष में अपनी हिस्सेदारी चाहते हैं।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।